Tittle Code :-UPHIN 51223

# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र




वर्ष-01 अंक-16 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार ● 18 फरवरी से 25 फरवरी 2024 पेज-08 मूल्य 5 रुपये

जरूर पढ़ें

## ससुरालियों ने पिता, बेटा-बेटी को गोलियों से भूना

**बेगूसराय :** बिहार के बेगूसराय में पकड़ौआ विवाह का नया मामला सामने आया है। पकड़ौआ शादी में दहेज न मिलने पर वर पक्ष ने वधू पक्ष में लड़की, पिता और भाई को गोलियों से भून दिया, जिससे तीनों की मौके पर मौत हो गई। ट्रिपल मर्डर से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। एसपी समेत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले में जांच जुट गई। आक्रोशित लड़की के घरवालों और ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर जमकर प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि ट्रिपल मर्डर में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के विष्णु आहों गोविंदपुर की है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि लड़के और लड़की एक दूसरे से प्रेम करते थे।

## दिल्ली में महिला पुलिस चौकियों की हुई स्थापना

**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने रविवार को खान मार्केट में दो ऐसी पुलिस चौकियों का उद्घाटन किया, जिसमें केवल महिला पुलिसकर्मी तैनात होगीं. उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा, 'मैं दिल्ली पुलिस के इस ऐतिहासिक कदम से बहुत खुश हूं. आज, हमने दो महिला पुलिस चौकियों का उद्घाटन किया.' उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाएं अब अपनी समस्याएं महिला अधिकारियों को खुलकर बता सकेंगी, जिसका तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा. उपराज्यपाल ने कहा 'नारी प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.'उन्होंने कहा, दिल्ली पुलिस ने सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है.

# तीसरा टर्म सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा: पीएम मोदी

## बीजेपी राष्ट्रीय अधिवेशन में बोले, भाजपा का कार्यकर्ता साल के हर दिन, 24 घंटे देश की सेवा के लिए कुछ न कुछ करता ही रहता है.

नई दिल्ली, एजेंसियां

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन का आज दूसरा दिन है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अधिवेशन में उपस्थित नेताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस और विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला. पीएम मोदी ने इस अवसर पर कहा कि इस बार भाजपा अकेले 370 सीटों से ज्यादा पर जीत दर्ज करेगी. भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण से हमें जनता-जनार्दन का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है. 2024 में तीसरी बार सरकार बनाकर हम जनसेवा और राष्ट्र सेवा का अप्रतिम इतिहास रचने जा रहे हैं.




पीएम मोदी ने कहा कि वह बीजेपी सरकार की तीसरा टर्म सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहे हैं. ये हमारा सपना भी है और संकल्प भी है कि हमें भारत को विकसित बनाना है. अगले 5 साल में भारत को पहले से भी कई गुना तेजी से काम करना है। अगले 5 साल में हमें विकसित भारत की तरफ एक लंबी छलांग लगानी है.

> मैं बीजेपी सरकार की तीसरा टर्म सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं. मैं अगर सिर्फ अपने घर की चिंता करता तो आज करोड़ों गरीबों के घर नहीं बना पाता . मैं देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य के लिए जीता हूं. पीएम मोदी ने कहा कि अभी हमें देश के लिए कोटी-कोटी भारतीयों के लिए हर भारतीय के जीवन को बदलने के लिए बहुत कुछ हासिल करना है .
>
> -नरेंद्र मोदी,प्रधानमंत्री

नई दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भाजपा का कार्यकर्ता साल के हर दिन, 24 घंटे देश की सेवा के लिए कुछ न कुछ करता ही रहता है. लेकिन अब अगले 100 दिन नई ऊर्जा, नई उमंग, नया उत्साह, नया विश्वास और नए जोश के साथ काम करने के हैं. आज 18 फरवरी है और इस कालखंड में जो युवा 18 वर्ष के पड़ाव पर पहुंचें हैं, वो देश की 18वीं लोकसभा का चुनाव करने वाले हैं. अगले 100 दिन हम सबको जुट जाना है. हर नए वोटर, हर लाभार्थी, हर वर्ग, समाज, पंथ, परंपरा सबके पास पहुंचना है.बीजेपी नेताओं को प्रेरित करते हुए पीएम मोदी ने कहा,हमे सबका विश्वास हासिल करना है. जब सबका प्रयास होगा, तो देश की सेवा के लिए सबसे ज्यादा सीटें भी इखढ को ही मिलेंगी. इन दो दिनों में जो चर्चा और विचार-विमर्श हुआ है. ये देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए हमारे संकल्प को दृढ़ करने वाली बातें हैं. आज मैं समस्त देशवासियों की तरफ से संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 पूज्य विद्यासागर जी महाराज को श्रद्धापूर्वक और आदरपूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि देता हूं. भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है.

ये संकल्प है विकसित भारत का. पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 सालों में हमने गरीब और मध्यवर्ग का जीवन बेहतर करने का प्रयास किया है. अभी काफी कुछ और करना शेष रह गया है, जो हम करेंगे. पीएम मोदी ने कहा, ₹मैं अपने सुख और वैभव के लिए जीने वाला व्यक्ति नहीं हूं.

# भारत इतना स्मार्ट है...विदेश मंत्री एस. जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसियां

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने म्यूनिख में सुरक्षा सम्मेलन से इतर महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ पश्चिम एशिया, यूक्रेन और हिंद-प्रशांत की स्थिति पर ध्यान केंद्रित करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ बातचीत की. इस दौरान एस. जयशंकर से जब देश की विदेश नीति की प्राथमिकताओं के बारे में इस टिप्पणी की पृष्ठभूमि में पूछा गया कि भारत गुटनिरपेक्षता से एकत्रीकरण की ओर₹ बढ़ रहा है, तब उन्होंने कहा कि कई विकल्प रखने के लिए भारत की आलोचना नहीं की जानी चाहिए.

एस. जयशंकर से पूछा गया कि मास्को के यूक्रेन पर आक्रमण के बावजूद भारत लगातार रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है...? इस पर जयशंकर ने कहा, यह समस्या क्यों होनी चाहिए? मैं इतना स्मार्ट हूं कि मेरे पास कई विकल्प हैं. आपको इसके लिए मेरी तारीफ करनी चाहिए, आलोचना नहीं. क्या यह दूसरों के लिए समस्या है? मुझे ऐसा नहीं लगता. जयशंकर ने कहा, अच्छे साझेदार विकल्प प्रदान करते हैं, स्मार्ट साझेदार उनमें से कुछ विकल्प अपनाते हैं.

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने देशों के सामने आने वाले विभिन्न तनावों और दबावों के बारे में बताया और कहा कि विभिन्न देशों के अलग-अलग इतिहास और चुनौतियां हैं और एक आयामी संबंध रखना बहुत कठिन है. उन्?होंने कहा, ₹मैं नहीं चाहता कि आप, अनजाने में भी यह आभास दें कि हम पूरी तरह से और बिना भावनात्मक रूप से लेन-देन के कुछ करते हैं. हम लोगों के साथ मिलते हैं, हम चीजों में विश्वास करते हैं, हम चीजों को साझा करते हैं... लेकिन कई बार ऐसा होता है जब आप विभिन्न स्थानों पर स्थित, विकास के विभिन्न स्तर, विभिन्न अनुभव, यह सब इसमें शामिल




हो जाता है, तो जीवन जटिल है, जीवन कुछ अलग हो जाता है.विदेश मंत्री ने 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायली शहरों पर किए गए हमलों को भी ₹आतंकवाद₹ बताया, लेकिन साथ ही तेल अवीव की प्रतिक्रिया का जिक्र करते हुए कहा कि मानवीय कानून का पालन करना इजरायल का अंतरराष्ट्रीय दायित्व है. उन्होंने फिलिस्तीन मुद्दे पर दो-राज्य समाधान की भारत की लंबे समय से चली आ रही स्थिति पर भी प्रकाश डाला. 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायली शहरों पर किए गए अभूतपूर्व हमले के प्रतिशोध के तहत इजरायल ने गाजा में अपना सैन्य आक्रमण जारी रखा है. भारत ने हमास द्वारा किए गए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और स्थिति को सामान्य करने का आह्वान किया.

# बफ़र ज़ोन जैसी कोई चीज़ नहीं, सेनाएं कहीं भी जा सकती हैं: मणिपुर के मुख्यमंत्री

इंफाल/गुवाहाटी:, एजेंसियां

मुख्यमंत्री ने अपना एजेंडा चलाने के लिए लोगों में दहशत पैदा करने₹ के लिए हाल के दिनों में उभरे ₹नए समूहों₹ की भी निंदा की और कुकी-ज़ो समूह इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) की ओर इशारा किया, जिसके दो दिन बाद पहाड़ी जिले चुराचांदपुर में प्रदर्शनकारियों ने अपने समुदाय के एक हेड कांस्टेबल के निलंबन पर सरकारी कार्यालय भवनों में आग लगा दी.

हेड कांस्टेबल सियामलालपॉल को इस आरोप में निलंबित कर दिया गया था कि वह एक सशस्त्र समूह को प्रशिक्षण दे रहा था, जो खुद को ₹ग्राम रक्षा स्वयंसेवक₹ कहते हैं.



पहाड़ी बंकर पर उनकी सेल्फी और एक वीडियो, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, में सैन्य-ग्रेड असॉल्ट राइफलों से लैस युवाओं के दृश्य भी थे, जिनमें से कुछ साइलेंसर और स्कोप जैसे अटैचमेंट के साथ थे; स्नाइपर राइफलें, और यहां तक कि जर्मन मूल की टढ5 जैसी सबमशीन बंदूकें भी शामिल थीं.

सिंह ने शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ₹कुछ वर्ग के लोग और सुरक्षा बल 'बफ़र ज़ोन' शब्द का उपयोग करते हैं. लेकिन राज्य सरकार के गृह विभाग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि 'बफ़र ज़ोन' जैसी कोई चीज़ नहीं है, जो आमतौर पर दो देशों से जुड़ी स्थितियों में देखी जाती है.

# झारखंड कांग्रेस के 8 विधायक पहुंचे दिल्ली

नई दिल्ली, एजेंसियां

**नई दिल्ली:** झारखंड में चंपाई सोरेन के नेतृत्व वाली जेएमएम सरकार में पार्टी के चार विधायकों को मंत्री बनाए जाने को लेकर कांग्रेस विधायकों के एक वर्ग में गहरी नाराजगी है. इस वजह से पार्टी के कम से कम 12 विधायकों ने धमकी दी है कि अगर मंत्रियों की जगह नए चेहरे नहीं लाए गए तो वो 23 फरवरी से होने वाले विधानसभा सत्र का बहिष्कार करेंगे और जयपुर जाएंगे. चंपाई सोरेन सरकार में पार्टी के चार विधायकों को शामिल किए जाने को लेकर कांग्रेस के 12 असंतुष्ट विधायकों में से 8 पार्टी आलाकमान के सामने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार शाम को दिल्ली पहुंचे थे.जेएमएम नेतृत्व वाले गठबंधन में कुल 47 एमएलए हैं. इसमें से 29 जेएमएम, कांग्रेस के 17 और आरजेडी का 1 एमएलए शामिल है. आलमगीर आलम, रामेश्वर ओरांव, बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख को दोबारा मंत्री पद देने के कांग्रेस के फैसले से



नाखुश विधायकों ने शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह से ठीक पहले रांची सर्किट हाउस में हंगामा किया और इसका बहिष्कार करने की योजना बनाई.

हालांकि, झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और पीसीसी चीफ राजेश ठाकुर के समझाने पर विधायक समारोह में शामिल होने के लिए राजभवन पहुंचे. हम सभी चार मंत्रियों की जगह नए मंत्री चाहते हैं... हम 12 एमएलए इसमें एक साथ हैं और इन चारों मंत्रियों की जगह नए मंत्रियों को लाए जाने की मांग करते हैं. हम इस पर आलाकमान के फैसले का इंतजार कर रहे हैं. एमएलए कुमार जयमंगल और अनूप सिंह ने पीटीआई से कहा, "हम हर डिवीजन से एक मंत्री चाहते हैं जो राज्य के सभी पाचों डिवीजन को कवर करें.

साथ ही हम राहुल गांधी के एक पोस्ट पर एक मंत्री को रखे जाने के नियम को लागू कराना चाहते हैं." बेरमो विधायक ने कहा कि अगर वे जल्द ही पार्टी के राज्य और केंद्रीय नेतृत्व से कुछ भी सुनने में विफल रहे, तो जयपुर जाने के लिए और झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का बहिष्कार करने के लिए मजबूर हो जाएंगे. जयमंगल ने मांग करते हुए कहा, कांग्रेस के पास 17 और जेएमएम के पास 29 विधायक हैं. जेएमएम ने पहले ही मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष का पद ले लिया है. उनके पास छह मंत्री पद हैं और हम सिर्फ एक पद चाहते हैं.

हम उस पर कोई समझौता नहीं कर रहे हैं. अगर आलमगीर आलम के पद को बरकरार रखा गया तो उन्हें कांग्रेस विधायक दल के नेता का पद छोड़ देना चाहिए.उन्होंने कहा कि 12 विधायकों का समूह पहले ही इस मामले पर पार्टी प्रमुख को एक हस्ताक्षरित पत्र सौंप चुका है. वरिष्ठ कांग्रेस नेता और महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा, ₹हम चाहते हैं कि पार्टी मंत्रियों को बदले और नए चेहरों को मौका दे. अधिक महिला चेहरों को जोड़ने के बजाय, उन्होंने सिर्फ एक महिला मंत्री को बरकरार रखा है... आप इसे किस तरह से उचित ठहराएंगे.

# मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने की धान खरीद की समीक्षा, 52.47 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

नई दिल्ली, एजेंसियां

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल निर्देशन में 7.82 लाख किसानों को 11170.55 करोड़ का भुगतान किया गया. धान खरीद के लिए 70 लाख मीट्रिक टन धान का क्रय लक्ष्य निर्धारित है. क्रय एजेंसी खाद्य व रसद विभाग की विपणन शाखा, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, मंडी परिषद व भारतीय खाद्य निगम द्वारा 5206 क्रय केंद्र स्थापित किए गए. 14 फरवरी तक 7.82 लाख किसानों से 52.47 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है.

इस एवज में किसानों के बैंक खाते में 11170.55 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया गया है. धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 प्रति कुंतल तथा धान ग्रेड-ए का मूल्य 2203 प्रति कुंतल रुपये निर्धारित है. पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली अक्टूबर 2023 से 31



जनवरी 2024 व पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली नवंबर से 29 फरवरी तक धान खरीद की जाएगी.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीद की समीक्षा की. सीएम योगी ने निर्देश दिया कि धान विक्रय में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए. उन्होंने क्रय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों से कहा कि किसान हित सरकार की सवोच्च प्राथमिकता है. अतएव यदि धान क्रय में लापरवाही बरती जाती है तो दोषी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी.

कुल 5206 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं. इनमें धान बिक्री के लिए 10,45,946 किसानों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया. 14 फरवरी तक 7.82 लाख किसानों से 52.47 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गयी, और इसके तहत 11,170.55 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खाते में किया गया. क्रय केन्द्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर के माध्यम से कराया जा रहा है. मानवीय हस्तक्षेप समाप्त होने से धान प्रेषण एवं सी०एम०आर० डिलीवरी की स्थिति में गुणवत्तापरक सुधार आया है. क्रय केंद्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण में प्रथम बार अधिक खरीद वाले 40 जनपदों में जी०पी०एस० युक्त वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है. इसकी सतत् मॉनिटरिंग भी की जा रही है, जिससे इस प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी किया जा सके. सीएम हेल्पलाइन, खाद्य विभाग के कॉल सेन्टर / टोल फ्री नम्बर, प्रदेश, मंडल व जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम द्वारा धान क्रय में आने वाली किसी भी कठिनाई का त्वरित गति से समाधान कराया जा रहा है. सीएम हेल्पलाइन से 91,842 किसानों को कॉल कर फीडबैक प्राप्त कर धान बिक्री व भुगतान से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण कराया गया.

## 'विकसित भारत' के निर्माण के संकल्पों को पूरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा.

# अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का संकेत है

नई दिल्लीः एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को अयोध्या में राम मंदिर पर एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया कि यह अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का संकेत है. प्रस्ताव में कहा गया है कि पिछले महीने भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई जो आज 'राष्ट्रीय चेतना' का मंदिर बन गया है और यह 'विकसित भारत' के निर्माण के संकल्पों को पूरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा. प्रस्ताव में कहा गया है, ''अयोध्या की प्राचीन पवित्र नगरी में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर का



निर्माण देश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली उपलब्धि है. यह एक नए कालचक्र की शुरुआत के साथ अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का द्योतक है."नरेंद्र भाई तीसरी बार बनेंगे पीएम,

परिवारवाद पूरी तरह से होगा खत्म : इखढ राष्ट्रीय अधिवेशन में अमित शाह नरेंद्र भाई तीसरी बार बनेंगे पीएम,

परिवारवाद पूरी तरह से होगा खत्म : इखढ राष्ट्रीय अधिवेशन में अमित शाह इसमें कहा गया है कि यह अधिवेशन प्रधानमंत्री के नेतृत्व को दिल से बधाई देता है. प्रस्ताव में कहा गया है कि राम मंदिर भारत की दृष्टि, दर्शन और मार्ग का प्रतीक है. इसमें कहा गया, ''श्रीराम मंदिर सही मायने में राष्ट्रीय चेतना का मंदिर बन गया है और भगवान श्रीराम का मंदिर देखकर हर भारतीय आनंदित है." इसी साल 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी. लाखों लोगों ने इस ऐतिहासिक समारोह का हिस्सा बनने के लिए अपने घरों और आसपास के मंदिरों में टेलीविजन पर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह देखा.

# दूल्हे ने बारात रोककर पहले यूपी पुलिस की परीक्षा दी, फिर शादी के लिए हुआ रवाना

लखनऊ, एजेंसियां

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के महोबा स्थित एक एग्जाम सेंटर पर अनोखा नजारा देखने को मिला. यहां एक दूल्हा बारात में जाते वक्त यूपी कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए रुका. एग्जाम सेंटर में दूल्हे प्रशांत यादव की एंट्री बेहद अलग थी क्योंकि वह सिर पर सेहरा पहने एग्जाम सेंटर पर पहुंचा था.

महोबा के मां चंद्रिका महिला महाविद्यालय में एग्जाम देने पहुंचे प्रशांत यादव के समर्पण की हर किसी ने प्रशंसा की. परीक्षा केंद्र पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उसके जज्बे की तारीफ की और उसके साथ फोटो खिंचवाई.

प्रशांत यादव की बारात उत्तर प्रदेश के मुढारी से बांदा जा रही थी और परीक्षा केंद्र रास्ते में पड़ने वाले महोबा में था.

इसलिए विवाह समारोह में जाने से पहले उसने परीक्षा देने का फैसला किया. अपने



इस फैसले के बारे में बात करते हुए प्रशांत ने देश सेवा की इच्छा जताई और दूसरों से अवसरों से कभी भी समझौता नहीं करने का आग्रह किया. साथ ही ऐसी स्थिति में सेलिब्रेशन की जगह परीक्षाओं को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर दिया.

प्रशांत ने कहा कि वह अब अपने करियर को प्राथमिकता दे रहा है, जिससे उसका शादीशुदा जीवन खुशहाल हो सके.

# ख़बर का असर: पंचायत सहायकों को किए गए नोटिस जारी

सब का सपना, संवाददाता

**अमरोहा/यूपी:** सरकार की मंशा है कि अब हर एक ग्रामीण की समस्या का समाधान उसके गांव में ही हो जाए। अब आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, व अन्य प्रमाण पत्र अब गांव में ही उपलब्ध हो सके।

इसी मनसा को लेकर सरकार के द्वारा हर गांव में पंचायत भवनों का निर्माण कराया गया। जिसे पंचायत सचिवालय का नाम दिया गया। लेकिन उसके बाद भी ग्रामीण ब्लॉक व तहसील के चक्कर काट रहे थे। जब ग्रामीणों से पूछा गया कि आप अब तहसील और ब्लोक के चक्कर क्यों लगा रहे हैं तो वह कहते थे कि आय प्रमाण पत्र बनवाना है।जन्म प्रमाण पत्र बनवाना है। या मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना है। तब उनसे पूछा जाता कि अब तो गांव में ही पंचायत सचिवालय का निर्माण हो गया है अब आपको तहसील या ब्लॉक


सरकार की मंशा पर ग्राम प्रधानों व ग्राम पंचायत सहायकों ने लटका दिए ताले

आने की आवश्यकता नहीं है तब ग्रामीण कहते कि पंचायत भवनों के तो ताले लगे रहते हैं। जब ग्रामीणों के द्वारा कही गई बात की सच्चाई जानने के लिए हमारी टीम ने ग्रामीण अंचल का दौरा किया तो वाकई यह बात सच निकली हमारी टीम को लगातार काफी जगह ग्राम पंचायत सचिवालय बंद मिले इस पूरी खबर को पिछले सप्ताह सब का सपना समाचार पत्र ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। इसके बाद से पंचायत सहायकों में हड़कंप मच गया और ब्लॉक स्तर से पंचायत सहायकों को कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया गया। हालांकि उसके बाद हमारी टीम ने काफी अन्य ग्राम पंचायत सचिवालयों का दौरा किया लेकिन अधिकतर पंचायत सचिवालय अब खुल रहे हैं। हालांकि जब हमारी टीम ने इस पूरे मामले को लेकर विकासखंड अधिकारी गंगेश्वरी से बात की तो उन्होंने कहा कि मैं अभी यहां पर ट्रांसफर हो करके आया हूं और बहुत जल्द आप देखेंगे की विकासखंड स्तर पर जितना ज्यादा से ज्यादा अच्छा कार्य हो सकेगा वह किया जाएगा और सरकार की मंशा है कि डोर टू डोर समस्या का समाधान हो सकें। उस पर अमल किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि अगर पंचायत में कहीं भी किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो उन पर कार्यवाही की जाएगी।



## हिसंक आंदोलन को भारतीय किसान संघ का समर्थन नहीं : कृष्ण कुमार शर्मा

सब का सपना, संवाददाता

**हसनपुर/अमरोहा:–** भारतीय किसान संघ द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के दौरान हसनपुर क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर झकड़ी में सुरेंद्र दास के आवास पर उपस्थित किसान संघ के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन स्थापना के समय से ही किसानों की उपज का लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिलाए जाने की वकालत करता आ रहा है। देश की सरकारों के साथ संवाद कर किसानों के पक्ष को मजबूती से रखता आया है। जहां संवाद से रास्ता नहीं निकलता है तो आंदोलन भी करता है। आगे कहा

कि जब राजनैतिक मंसा के साथ किसानों के कंधे का प्रयोग कुछ लोग अपनी निजी हित साधना के लिये करते है तो पीड़ा होती है। भारतीय किसान संघ का मानना है कि जब किसान के नाम पर राजनैतिक आंदोलन चलता है तो इसका नुकसान सिर्फ किसानों को होता है। विगत वर्षों में मंदसौर व दिल्ली में हुये आंदोलन इस बात के प्रमाण है। कहीं छैः तो कहीं आंकड़ा छैसौ तक भी पहुंचा है, जहां किसानों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उनके मुदे व मांगे जस की तस हैं। इसलिये भारतीय किसान संघ का आग्रह है कि किसानों के नाम पर राजनैतिक चुनावी पैंतरावाजी बंद होनी चाहिए।

आगे कहा कि जब राजनैतिक मंशा से चुनाव के दौरान किसान के नाम पर आंदोलन होते हैं तो आंदोलन के दौरान होने वाली हिंसा, अराजक माहौल, राष्ट्र की संपति का नुकसान होने से समाज में किसान के प्रति नकारात्मक भाव जन्म लेता है। जिसका खामियाजा अपनी बेहतरी के लिये संघर्षरत किसान संगठनों को चुकाना पड़ता है। इसलिये भारतीय किसान संघ हिंसक आंदोलन का समर्थन नहीं करता है। हमारा आग्रह है कि जिन लोगों को अपनी राजनैतिक महत्वाकांछा पूरी करनी हैं वो करें।

## गाजियाबाद से घर वापस लौट रहे युवक को पुरानी रंजिश में दबंगों ने पीटा

**गजरौला/अमरोहा:–** शहर के खाद गुर्जर मार्ग पर वेरमपुर भूड़ निवासी विनोद ने अपने साथियों के साथ मिलकर अभिषेक गोस्वामी के साथ की मारपीट।

आपको अवगत करा दे की अभिषेक गोस्वामी जो की अफजलपुर लूट के रहने वाले हैं वह किसी कार्य से गाजियाबाद गए थे। वह शुक्रवार की शाम अपने घर वापस लौट रहे थे तभी गजरौला से खाद गुर्जर मार्ग पर अपने साथियों के साथ घात लगाए बैठे विनोद ने अपने साथियों के साथ मिलकर अभिषेक गोस्वामी के साथ मारपीट की। जिससे कि अभिषेक गोस्वामी के सिर में काफी चोट आई है। जब इस पूरे मामले को लेकर प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन से बातचीत हुई तो उन्होंने बताया कि मामले में विनोद व उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है पूरे मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


पीड़ित आकाश गोस्वामी।

## पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का झांसा देकर ठगी, मोबाइल– सिम कार्ड और प्रमाणपत्र बरामद

**अमरोहा/यूपी:** सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर में पास कराने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से प्रमाणपत्र समेत अन्य चीजें बरामद की गई हैं। मुख्य आरोपी अभी फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस भर्ती परीक्षा पास करने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से रुपये ठगने वाले रहरा थानाक्षेत्र के तरौली गांव निवासी विनीत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से अभ्यर्थियों के शैक्षिक प्रमाण पत्र, कूटरचित दस्तावेज, प्रवेश पत्र की छाया प्रति, मोबाइल और सिम कार्ड बरामद हुए हैं। एक ही गांव के दो दोस्त अभ्यर्थियों को झांसा देकर रुपयों की वसूली रहे थे।

मुख्यारोपी दो दिन पहले ही अभ्यर्थियों से रुपये लेकर भाग निकला। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। दोनों आरोपियों ने चालीस से अधिक अभ्यर्थियों से करीब पचास लाख रुपये


अमरोहा पुलिस की हिरासत में ठगी का आरोपी।

की वसूली करने की बात सामने आई है। परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराई जा रही है।

इसके लिए एसओजी, सर्विलांस, साइबर सेल और अभिसूचना इकाई और सोशल मीडिया सेल लगातार निगरानी कर रही है। रविवार की सुबह सूचना मिली थी कि कुछ लोग पुलिस भर्ती परीक्षा पास करने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से रुपयों की वसूली कर रहे हैं।

कई अभ्यर्थियों से रुपये ले भी लिए हैं।इसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए रहरा थानाक्षेत्र ने तरौली गांव के रहने वाले विनीत को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद स्पष्ट हुआ कि विनीत ने अपने ही गांव के रहने वाले चमन के साथ मिलकर अभ्यर्थियों को पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का झांसा देकर रुपयों की वसूली कर रहे थे।

## शिक्षा मित्र के परिवार को सौंपी दो लाख रुपए से अधिक की धनराशि

**अमरोहा/यूपी:–** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के संघ पदाधिकारियों द्वारा मृतक शिक्षामित्र श्री दौलतराम कश्यप के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।और जनपद के शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों द्वारा सहयोग राशि के रूप में एकत्र की गयी धनराशि परिजनों को सौंपी।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने बताया कि बीती 03 फरवरी को विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय सांथलपुर 2 में कार्यरत शिक्षा मित्र दौलतराम कश्यप की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। मौत की खबर से शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों साथियों में शोक की लहर दौड़ गयी थी। मृतक शिक्षामित्र दौलतराम कश्यप के परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी।जब शिक्षक एवं शिक्षा मित्रों को पता चला तो जनपद अमरोहा में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों,




अनुदेशकों, संकुल शिक्षकों एवं परिचारकों द्वारा मृतक परिवार को सहयोग राशि के रूप में 2,31,500=00 रूपये (दो लाख इकतीस हजार पांच सौ) की धनराशि मृतक परिवार को सौंपी और भविष्य में भी सभी उपस्थित शिक्षकों एवं संघ पदाधिकारियों द्वारा मदद करने का पूरा भरोसा दिलाया। उत्तरप्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर पोसवाल ने कहा कि दौलतराम कश्यप संगठन के प्रति बहुत ही वफादार थे। उनके निधन से संगठन में जो खालीपन हुआ है, उसे नहीं भरा जा सकता। वास्तव में हमने अपना एक जांबाज साथी खो दिया। जिसकी कमी हमें हमेशा खलेगी।उन्होंने मृतक परिवार को हमेशा साथ खड़े होने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, संकुल प्रभारी ढवारसी जयवीर सिंह, प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर पोसवाल, जिला उपाध्यक्ष वरूण कुमार गुर्जर, जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी देवदत्त शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष हसनपुर कुलदीप सिंह चौहान, छत्रपाल सिंह, कालीचरण सिंह, अजय कुमार, दीपक कुमार कश्यप आदि मौजूद रहे।

एक नजर

## धनोरा मार्ग पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की गाड़ी में तोड़फोड़ तानी पिस्टल

**गजरौला/अमरोहा:–** जनपद की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता चौधरी अपने बेटे, पुत्रवधू और पोत्र के साथ कार से शनिवार को मंडी धनौरा के पत्थर कुटी स्थित मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने के लिए गई थी। बीच रास्ते में दूसरी कार सवार युवकों ने कार को रोककर गाड़ी में तोड़फोड़ की और तान दी पिस्टल।

आपको बता दें कि अमरोहा जनपद की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता चौधरी अपने बेटे अमन, पुत्रवधू व पोत्र के साथ कार से सवार होकर धनोरा के पत्थर कुटी स्थित मंदिर पर शनिवार को प्रसाद चढ़ाने के लिए गई थी। इसी दौरान पीछे से आई दूसरी कार सवार युवकों ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की कार को ओवरटेक करते रास्ते पर रोक लिया और अपनी कार आगे लगा दी। जब पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे अमन ने विरोध किया तो कार सवार युवकों ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की कार के साथ तोड़फोड़ की ओर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे की ओर पिस्टल तान दी। जब इस पूरे मामले की जानकारी अपने पति भूपेंद्र चौधरी को दी तो उन्होंने गजरौला की तरफ फरार हुए कार सवारी युवकों की जानकारी गजरौला पुलिस को दी।

बताया जाता है कि उसके बाद कार सवार युवकों को पुलिस ने रोक तो लिया लेकिन उसके बाद से उन्हें छोड़ दिया गया। भूपेंद्र चौधरी ने इस पूरे मामले की शिकायत एसपी से की है वही प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन का कहना था कि मामला धनोरा थाने का है जिसकी वजह से कार्यवाही भी धनोरा थाने से ही होगी।




## नौगांवा सादात में मछली विक्रेता को मारी गोली, मेरठ के अस्पताल में भर्ती

**नौगांवा सादात** में एक कार्यक्रम के घर लौट रहे मछली विक्रेता दिलदार (40) को गोली मार दी गई। इसमें वह गंभीर उसे घायल हो गए। मेरठ के निजी अस्पताल में उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। वहीं, परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। यह घटना शनिवार की रात नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के गांव सिकरिया में हुई।

मूलरूप से चांदपुर के रहने वाले दिलदार अपनी पत्नी तमन्ना खातून और छह बच्चों के साथ पांच साल पहले नौगांवा सादात के बीलनी गांव में आकर बस गए थे। यहां दिलदार बाजार में मछली बेचकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। सिकरिया गांव में दिलदार की ननिहाल है। शनिवार की रात सिकरिया गांव में कुरानख्वानी का कार्यक्रम चल रहा था।दिलदार भी उसमें शामिल होने के लिए गए थे। रात में करीब दो बजे कार्यक्रम खत्म होने के बाद दिलदार घर वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में अज्ञात लोगों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगते ही दिलदार लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े और तड़पने लगे।

थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई।मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल दिलदार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में बेहतर उपचार के लिए मेरठ के सरकारी अस्पताल ले गए। परिजनों के मुताबिक दिलदार की हालत नाजुक बनी हुई है। वह आईसीयू में है। इस मामले में रविवार की देर शाम तक परिजनों ने किसी पर भी आरोप नहीं लगाया है और तहरीर भी नहीं दी गई है।

## सूचना

मैं वीर सिंह पुत्र श्री शीलचंद निवासी ग्राम मुनीमपुर उर्फ मुनिमनगर, तहसील नौगावा सादात, जनपद अमरोहा का निवासी हूं। मेरा बड़ा बेटा नशे आदि का शिकार है और घर में परिवार के साथ कलह करता है। जिसमें उसकी पत्नी वीरवती भी उसका साथ देती है। जिसकी वजह से मैं और मेरा पूरा परिवार बहुत परेशान हो चुका है। इसीलिए में यह घोषणा करता हूं कि मैं अपने चार बच्चों में से सबसे बड़े बेटे मनोज कुमार व उसकी पत्नी वीरवती को अपनी संपत्ति से इनके कृत्यो के चलते इन्हें बेदखल कर रहा हूं। आज से मेरी समस्त चल अचल संपत्ति में इन दोनों का कोई अधिकार नही होगा। आज के बाद से यदि यह कही भी किसी भी प्रकार का कोई कृत्य करते हैं तो उसकी मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी।



# पिज्जा कॉर्नर के भीतर बंद था प्रेमी जोड़ा, हंगामा



**अमरोहा/यूपीः** बंद पड़े पिज्जा कॉर्नर के भीतर प्रेमी युगल को रंगरेलियां बनाते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। जिसके बाद मोहल्ले के लोगों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और प्रेमी युगल को पकड़ लिया। मौके पर आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई।

एक युवक पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने मामले में युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर शांति भंग में चालान कर दिया। जबकि युवती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में पिज्जा कॉर्नर संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।
यह मामला कैलसा बाईपास रोड स्थित चटपटा पिज्जा कॉर्नर का है। कुछ दिन पहले तक संचालित पिज्जा कॉर्नर फिलहाल बंद पड़ा हुआ था। चर्चा है कि इसमें प्रेमी युगल को बुलाकर आपत्तिजनक कार्य कराए जाते हैं। बाहर से शटर पड़ा रहता है, इसलिए कोई ध्यान नहीं देता।शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे एक युवक और युवती कॉर्नर के भीतर थे। तभी स्थानीय लोगों ने उसे घेर लिया और मामले की जानकारी पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सनोज प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और प्रेमी युगल को पकड़ लिया। मौके पर आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई।महिला पुलिस कर्मियों को भी बुला लिया गया।शटर खोलने के बाद सीढ़ी के सहारे पुलिसकर्मी पिज्जा कॉर्नर में दाखिल हुए और युवक-युवती को मौके पर पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई।

अचानक हुई छापेमारी के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस युवक और युवती पड़कर कोतवाली ले गई।पूछताछ करने के बाद पुलिस ने परिजनों को कोतवाली बुलाया और युवती को उनके सुपुर्द कर दिया।

सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में अश्लीलता फैलाने के आरोप में अमरोहा नगर के रहने वाले युवक शुभम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।बाद में उसका चालान शांति भंग में किया गया। जबकि पिज्जा कॉर्नर संचालक के खिलाफ एसडीएम और नगर पालिका को पत्र लिखकर कार्रवाई कराई जा रही है। युवक और युवती दोनों बालिग हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और प्रेमी युगल को पकड़ लिया। मौके पर आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई।

## संक्षेप खबरें

### पति जेल में बंद.. गांव के युवक से इश्क करती रही पत्नी, प्रेमी की मंगनी पर दो बच्चों की मां ने खाया जहर



अमरोहा , अमरोहा में दो बच्चों की मां ने जमकर हंगामा काटते हुए जहर निगल लिया। लोगों ने बताया कि दो बच्चों की मां का गांव के ही युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसकी मंगनी तय हुई तो महिला ने खौफनाक कदम उठा लिया है। महिला का पति एक मामले में जेल में बंद है।

जेल में बंद पति की गैरमौजूदगी में दो बच्चों की मां गांव के ही युवक को दिल दे बैठी। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया। इतना ही नहीं दोनों ने चोरी छिपे कोर्ट मैरिज कर ली। लेकिन अब प्रेमी की मंगनी दूसरी जगह हुई तो विवाहिता ने हंगामा कर दिया। उसने जहर खाकर जान देने की कोशिश की।मामला एक ही गांव का है, इसलिए दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास शुरू हो गए। पुलिस को जानकारी नहीं दी गई है। यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव का है। यहां रहने वाला युवक दो साल से जेल में बंद है। घर में उसकी पत्नी और दो बच्चे हैं।

जेल में बंद पति की गैरमौजूदगी में विवाहिता का प्रेम प्रसंग गांव के ही रहने वाले युवक से हो गया। दोनों एक दूसरे से मिलने लगे। चर्चा है कि विवाहिता ने अपने पति से तलाक ले लिया और बाद में गांव के ही रहने वाले प्रेमी से कोर्ट मैरिज कर ली।

लेकिन करीब एक सप्ताह पहले प्रेमी के परिजनों ने उसकी मंगनी दूसरी जगह कर दी। जैसे ही विवाहिता को इसका पता चला तो उसने हंगामा कर दिया। उसने प्रेमी के घर जाकर जहर का सेवन कर लिया।हालत बिगड़ने पर ग्रामीणों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार है। मामला एक ही गांव से जुड़ा होने के कारण दोनों पक्षों के बीच पंचायत बैठ गई। देर शाम तक समझौते के प्रयास जारी थे।



### 28 साल पुरानी रंजिश में हुई पूर्व प्रधान की हत्या, पिता-पुत्र गिरफ्तार

मुरादाबाद, मैनाठेर क्षेत्र के पूर्व प्रधान चौधरी राजवीर सिंह की 28 साल पुरानी रंजिश में अंजाम दी गई थी। पुलिस ने आरोपी आरोपी जगदीश सिंह और उनके बेटे हेमंत कुमार उर्फ प्रद्युमन को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया। शनिवार शाम पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।शुक्रवार की सुबह मैनाठेर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर गौसर निवासी पूर्व प्रधान चौधरी राजवीर सिंह को घर से आवाज लेकर बुलाया था और मकान के दरवाजे के सामने ही पुरानी रंजिश के चलते पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जब पीड़ित परिवार ने हमलावरों की घेराबंदी की तो जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे।इस वारदात में पूर्व प्रधान के बेटे सोमवीर सिंह ने गांव के ही जगदीश सिंह, उनके बेटे धर्मेंद्र और हेमंत कुमार उर्फ प्रद्युमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि पुलिस की जांच में पूर्व प्रधान की हत्या की वजह मेंथा की टंकी पर लगे टैक्स और रुपयों का लेनदेन होना सामने आया है।मैनाठेर कोतवाल सतेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी जगदीश सिंह और उनके बेटे हेमंत कुमार उर्फ प्रद्युमन निवासी ग्राम रसूलपुर गौसर थाना मैनाठेर का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया है। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पिता पुत्र को जेल भेज दिया। अब पुलिस टीम तीसरे नामजद आरोपी की तलाश कर रही है। क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर गौसर निवासी पूर्व प्रधान चौधरी राजवीर सिंह की हत्या के मुकदमे नामजद आरोपी हेमंत कुमार उर्फ प्रद्युमन के नाबालिग होने की बात सामने आई थी जोकि इंटर का छात्र भी बताया जा रहा है। साथ ही हेमंत कुमार बोर्ड परीक्षा की तैयारी भी कर रहा था।शनिवार को जब मैनाठेर पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी हेमंत कुमार उर्फ प्रद्युमन का चालान किया तो मैनाठेर पुलिस ने हेमंत कुमार उर्फ प्रद्युमन की उम्र करीब 19 साल होना बतायातमंचा बरामद पर आर्म्स एक्ट में भी कार्रवाईपूर्व प्रधान चौधरी राजवीर सिंह की हत्या के आरोप में गिरफ्तार जगदीश सिंह की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया है।

## मोदी कल पहुंचेंगे संभल, कल्कि धाम शिलान्यास में लेंगे भाग

**संभल :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को संभल जिले के दौरे पर रहेंगे। वह ऐंचोड़ा कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में एक घंटे तक शामिल रहेंगे। पीएम सोमवार सुबह 10.30 बजे हेलिकॉप्टर से सीधे ऐंचोड़ा कंबोह पहुंचेंगे। 11.30 बजे वह रवाना हो जाएंगे।

पीएमओ की टीम ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य चीजों को परखनी शुरू कर दी है। श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पिछले दिनों दिल्ली में प्रधानमंत्री को समारोह का न्योता दिया था। पीएम ने निमंत्रण स्वीकारते हुए समारोह में शामिल होने के प्रति आश्वस्त किया था।

इसके बाद से प्रशासनिक अफसर लगातार वहां की तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। उधर, ऐंचोड़ा कंबोह में स्थित श्री कल्कि धाम के शिलान्यास को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुभकामनाएं दी हैं। इसके लिए श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राष्ट्रपति का आभार जताया है।

राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संभल की पावन भूमि पर 19 फरवरी को श्री कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास किया जाना एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अवसर होगा। उन्होंने शुभकामना संदेश में कहा कि महात्मा गांधी की दृढ़ मान्यता थी कि धर्म और सत्य पर आधारित राजनीति से ही जन-कल्याण संभव है।राम राज की अवधारणा को गांधी जी ने भारत के स्वराज का आदर्श माना था। यह प्रसन्नता की बात है कि देश-विदेश में भारत की आध्यात्मिक और नैतिक विरासत के प्रतीक स्वरूप महान देवालयों में प्राण-प्रतिष्ठा द्वारा देश की सामाजिक और राजनीतिक चेतना में नई ऊर्जा का संचार किया जा रहा है।



## हरियाणा के कलाकारों ने भरा जोश

**मुरादाबाद :** अमरोहा महोत्सव में हरियाणा के कलाकारों ने जमकर रंग जमाया। पहली बार राजकीय इंटर कॉलेज के मिनी स्टेडियम में आयोजित हो रहे अमरोहा महोत्सव में रोज नई प्रस्तुतियां लोगों को खूब भा रही है। दिन ढलते ही लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो जाती है।
अमरोहा महोत्सव में शाम हरियाणवी कलाकार अजय हुड्डा, निर्मित सिंह और इंडियन आइडियल नीरज बख्शी के नाम रही। तीनों तीनों कलाकारों की दीवानगी महोत्सव में मौजूद लोगों के सिर चढ़कर बोली। झूमने पर मजबूर कर दिया। गायक अजय हुड्डा के सुरों का जादू ऐसा चला कि दर्शक झूमने लगे।

अजय हुड्डा अपने हरियाणी अंदाज में मंच पर आए। आते ही उन्होंने सबसे पहले हाय नि मेरी मोटो... गाना गाया। इसके बाद तोसे कौन कहे बहू काले की... छन छन बोले नू बोले तेरी तागड़ी... बटुआ सा मुंह तेरी पतली कमर, राम जी ने छोड़ी की ना कोई रे कसर... महीने भीतर बन जागी तेरी सॉलिड बॉडी रे... जैसे बेहतरीन गाने गाकर दशकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।
कलाकार निर्मित सिंह और नीरज बख्शी ने भी अपने अंदाज में खूब धमाल मचाया। पहली बार राजकीय इंटर कॉलेज के मिनी स्टेडियम में आयोजित हुए अमरोहा महोत्सव में रोज नई प्रस्तुतियां लोगों को खूब भा रही है। दिन ढलते ही लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो जाती है।
रोजाना अलग-अलग कलाकार अपनी प्रस्तुति से लोगों का दिल जीत रहे हैं। महोत्सव में पहुंचने वाले युवा, बच्चे चाट पकौड़ी का आनंद ले रहे हैं। हिंडोला पर झूला झूलना और मिकी माउस पर मस्ती करना पसंद आ रहा है। महिलाएं मीना बाजार में खूब खरीदारी कर रही हैं।शुक्रवार की रात स्पोर्ट्स से जुड़े खिलाड़ी और कोच को सम्मानित किया गया। अधिकारियों की माने तो ये वही विजेता खिलाड़ी हैं जो अमृत महोत्सव के दौरान प्रशासन की ओर से कराई गई खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। इस दौरान डीएम राजेश कुमार त्यागी, एसपी कुंवर अनुपम सिंह, एडीएम सुरेंद्र सिंह, मायाशंकर यादव, ईओ डॉ. बृजेश सिंह, तहसीलदार हेमंत कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## मुरादाबाद कमिश्नर की प्रतिनियुक्ति फिर छह माह बढ़ी, तत्काल ज्वाइन कर पीएम कार्यक्रम में जाने के निर्देश

मुरादाबाद , मुरादाबाद कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भारत सरकार ने शनिवार की शाम फिर छह माह तक अवधि बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया। साथ ही प्रदेश के मुख्य सचिव ने कमिश्नर को तत्काल ड्यूटी ज्वाइन कर पीएम कार्यक्रम में जाने के निर्देश दिए।

सिक्किम कॉडर के आईएएस कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह की प्रदेश में प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल 14 फरवरी को समाप्त हो गया था। इस मामले में प्रार्थनापत्र देने पर केंद्र सरकार की नियुक्ति कमेटी ने विचार किया। इसके बाद कमिश्नर का कार्यकाल छह माह बढ़ाने का निर्णय लिया गया।कमिश्नर ने बताया कि कमेटी की तरफ से कार्यकाल बढ़ाने का पत्र शनिवार की शाम मिल गया है। पत्र केंद्र सरकार के डिप्टी सेक्रेटरी देबास्वेता बानिक ने जारी किया है। इधर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कमिश्नर को तत्काल ड्यूटी ज्वाइन कर प्रधानमंत्री के संभल स्थिति कार्यक्रम को देखने के निर्देश दिए।केंद्र सरकार से कागज नहीं मिलने के कारण कमिश्नर संभल नहीं जा रहे थे। अब संभल में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था देखने के लिए जाएंगे। इसके पहले केंद्र सरकार ने आंजनेय कुमार सिंह का कार्यकाल दो बार बढ़ा चुकी है।



सिक्किम कॉडर के आईएएस कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह की प्रदेश में प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल 14 फरवरी को समाप्त हो गया था।

## मां से बहस करने के बाद की थी भाभी की हत्या

मुरादाबाद, कटघर थाना क्षेत्र के रहमतनगर में तीन माह पहले प्रेम विवाह करने वाली महिला फरहीन (28) पत्नी जाकिर की उसके ही देवर गुलफाम ने शनिवार को चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। इसके बाद आरोपी खून से सना चाकू लेकर थाने पहुंच कर सरेंडर कर अपना गुनाह कबूल कर लिया।
आरोपी ने पूछताछ में बताया कि भाभी ने उसकी मां का अपमान किया था। जिसका बदला लेने के लिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कटघर के रहमतनगर निवासी जाकिर पीतल ढलाई का काम करता है।
उसने तीन तीन माह पहले मझोला के धीमरी आजाद नगर निवासी फरहीन (28) से प्रेम विवाह किया था। फरहीन जाकिर के दोस्त मंसूर की पत्नी थी। जिससे फरहीन का तलाक हो चुका था। जाकिर के परिवार ने एक मकान बेचा था। जिसके रुपयों को लेकर घर में विवाद चल रहा था।शुक्रवार को फरहीन और उसकी सास चंदा बी के बीच भी झगड़ा हुआ था। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि फरहीन ने उसकी मां का अपमान किया था। शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे जाकिर अपने काम पर चला गया।इसके बाद थोड़ी देर बाद ही देवर गुलफाम आ गया और उसने मां के अपमान को लेकर फरहीन से बहस करने लगा।
इस दौरान आरोपी ने चाकू से फरहीन पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसकी गर्दन भी कट गई। परिजनों और पड़ोसी के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया।इसकी जानकारी मिलने पर फरहीन के मायके वाले आ गए और वह घायल को जिंदगी की आस में उठाकर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी खून से सना हुआ चाकू लेकर थाने पहुंच गया और सरेंडर कर दिया।आरोपी गुलफाम पीतल ढलाई का काम करता है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



## यूपी में दस्तक देने जा रहा मौसमी बदलाव

**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश में सोमवार से मौसमी बदलाव दस्तक देने जा रहा है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 19 से 22 फरवरी तक प्रदेश में ये बदलाव जारी रह सकता है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता मौसम में इन बदलावों का कारण बनेगी।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक सोमवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक या दो स्थानों पर 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिए प्रदेश के कई इलाकों को अलर्ट पर रखा है।

आगरा, अलीगढ़, अमरोहा, बदायूं, बागपत, बरेली, बिजनौर, बुलंदशहर, एटा, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, हाथरस, कासगंज, मैनपुरी, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर, संभल, शामली व आसपास के इलाकों में तेज झोंकेदार हवाओं के अलावा बादल-बिजली का असर दिख सकता है।इसके अलावा कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कासगंज, लखीमपुरखीरी, लखनऊ शाहजहांपुर, सीतापुर, उन्नाव, अमेठी, अयोध्या, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, गोंडा, रायबरेली, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती व आसपास के इलाकों के लिए चेतावनी जारी की गई है।यहां कल ओलावृष्टि के आसार अधिक

मौसम विभाग के मुताबिक आगरा, अलीगढ़, बागपत, बिजनौर, एटा, फिरोजाबाद, हाथरस, मथुरा, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली व आसपास के इलाकों में मंगलवार को ओलावृष्टि हो सकती है।



## कोर्ट में पति को देख भावुक हुई पत्नी, पल्लू से बांध लिया, बोली- साथ चलूंगी

**रामपुर,** रामपुर के शाहबाद की तहसील कोर्ट में पहुंचे पति-पत्नी के बीच कलह हो गई। दोनों सात साल से अलग-अलग रह रहे हैं। पत्नी ने जब पति को देखा तो वह उसके साथ रहने की बात पर अड़ गई। इससे हंगामा खड़ा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को समझाकर उनके घर भेज दिया।

करीब सात साल पहले हुई शादी के कुछ ही दिन बाद पति-पत्नी में अनबन हो गई। इसके बाद महिला मायके चली गई और पति व ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया था। शुक्रवार को पति-पत्नी मुकदमे की सुनवाई के लिए तहसील स्थित ग्रामीण न्यायालय में आए तो महिला पति के साथ जाने की जिद पर अड़ गई।

उसने पति का हाथ अपने पल्लू से बांध लिया। हालांकि, पुलिस के समझाने पर दोनों मान गए और अपने-अपने घर चले गए। शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शादी मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से 2017 में हुई थी।शादी के कुछ दिन के बाद से ही पति और पत्नी में अनबन शुरू हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि साल भर में ही पत्नी ने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया। वह अपने मायके आ गई। उसके बाद खर्चे के लिए मुकदमा भी कर दिया था।



# जैन मुनि विद्यासागर महाराज ने ली समाधि

## वह पिछले तीन दिनों से उपवास और मौन धारण किए हुए थे।



**नई दिल्ली :डोंगरगढ़:** जैन धर्म में दिगंबर मुनि परंपरा के आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने अपना शरीर त्याग दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चन्द्रगिरि तीर्थ में शनिवार (17 फरवरी) की रात 2:35 पर समाधि ली। वहीं इससे पहले उन्होंने आचार्य पद का त्याग कर दिया था और तीन दिन का उपवास और मौन धारण कर लिया था।

**तीन दिन उपवास के बाद उन्होंने शरीर त्याग दिए।**

उनके समाधि लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा, ₹आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके बहुमूल्य प्रयास सदैव स्मरण किए जाएंगे। वे जीवनपर्यंत गरीबी उन्मूलन के साथ–साथ समाज में स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देने में जुटे रहे।पीएम मोदी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे निरंतर उनका आशीर्वाद मिलता रहा। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनसे हुई भेंट मेरे लिए अविस्मरणीय रहेगी। तब आचार्य जी से मुझे भरपूर स्नेह और आशीष प्राप्त हुआ था। समाज के लिए उनका अप्रतिम योगदान देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।आज बंद रहेंगी जैन समाज के दुकानें

आचार्य विद्यासागर जी महाराज के समाधि लेने पर देशभर में जैन समाज के लोग आज अपनी–अपनी दुकानें बंद रखेंगे। वहीं उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर एक बजे चंद्रगिरि तीर्थ में ही होगा। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए देशभर से उनके शिष्य चंद्रगिरी पहुंचे हैं। गौरतलब है कि आचार्य विद्यासागर ने 6 फरवरी को योग सागर जी से चर्चा की और फिर आचार्य पद का त्याग कर दिया था। उन्होंने मुनि श्री समय सागर महाराज को अपना उत्तराधिकारी घोषित करते हुए उन्हें आचार्य पद देने की घोषणा कर दी थी।

# लोन का पैसा उठाकर पत्नी घर छोड़कर भागी, पति ने बच्चों के साथ पेट्रोल छिड़क कर लगा ली आग

**पटना :** बिहार के कटिहार जिले से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां पत्नी के भाग जाने के बाद पति ने अपने तीन बच्चों के साथ पेट्रोल छिड़क कर खुद को आग लगा ली। इस घटना में तीनों बच्चों की मौत हो गई है वहीं, पुरुष काफी गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

घटना के बारे में घायल दिनेश सिंह के भाई होरन सिंह ने बताया कि वे कदवा थाना क्षेत्र के जाजा गांव के निवासी हैं। कुछ दिन पहले उनके भाई की पत्नी सुर्पजन देवी लोन का सारा पैसा लेकर घर छोड़कर चली गई थी। पत्नी के घर छोड़कर चले जाने के बाद उनका भाई सदमे में था और बीती रात उसने अपने बच्चों के साथ खुद को आग के हवाले कर दिया। इस घटना में 9 वर्षीय शुभंकर कुमार, 7 वर्षीय राजा कुमार और 6 वर्षीय रिंकी कुमारी की

> पत्नी के भाग जाने के बाद पति ने अपने तीन बच्चों के साथ पेट्रोल छिड़क कर खुद को आग लगा ली। इस घटना में तीनों बच्चों की मौत हो गई है वहीं, पुरुष काफी गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मौत हो गई है जबकि घायल दिनेश सिंह का कटिहार सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और जांच में जुट गई है। फिलहाल इस घटना ने पूरे कटिहार जिले को हिला कर रख दिया है। वहीं, जाजा गांव में घटना के बाद मातम का माहौल छा गया है।

## संक्षेप खबरें

# दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पंडाल गिरा, हादसे में 8 लोग घायल



**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के गेट नंबर 2 के पास पंडाल गिर गया है। पंडाल गिरने से कई लोगों के दबे होने की खबर है। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई है। ताजा जानकारी के मुताबिक हादसे में 8 लोग घायल हो गए हैं।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के अंदर एक कार्यक्रम का आयोजन होना था। इसी सिलसिले में एक बड़ा पंडाल गेट नंबर दो पर लगाया गया था। 11 बजे के करीब अचानक पूरा पंडाल नीचे आ गिरा और पंडाल के नीचे जो लोग भी थे, वे दब गए थे। तुरंत इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम मौके पर राहत और बचाव का काम शुरू कर दिया।जानकारी के मुताबिक हादसे में करीब 8 लोग घायल हुए हैं जिन्हें एम्स में भर्ती कराया गया है। इस बीच घटनास्थल पर सर्च ऑपरेशन जारी है। पंडाल से घायलों को निकाला जा रहा है। घटनास्थल पर 20 से ज्यादा एंबुलेंस मौजूद है।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों में ज्यादातर मजदूर हैं। अधिकारी ने बताया, "स्टेडियम के द्वार संख्या दो के समीप शादी के लिए पंडाल खड़ा किया जा रहा था। घायलों को उपचार के लिए एम्स के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया है।

# अपनी ऑल्टो कार चलाकर ही विधानसभा पहुंच गए सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू



**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश की विधानसभा में शनिवार को बजट पेश किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सदन में बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने कई बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल 2024 से हिमाचल प्रदेश सरकार गाय के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 45 रुपये और भैंस के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 55 रुपये करेगी। इसके साथ ही बजट में बुजर्गों की पेंशन राशि में बढ़ोत्तरी की गई है।

बजट पेश करने से पहले विधानसभा भवन के बाहर एक अनोखी घटना देखने को मिली। मुख्यमंत्री सुक्खू अपनी निजी गाड़ी ऑल्टो 800 से ही विधानसभा पहुंच गए। इसके साथ ही इसे वह खुद ही ड्राइव करके विधानसभा पहुंचे। हालांकि सीएम होने के नाते उन्हें प्रदेश सरकार की गाड़ी मिली है लेकिन अक्सर वह अपनी ऑल्टो से यात्रा करते हुए दिख जाते हैं। बता दें कि पहाड़ी इलाकों में पुरानी ऑल्टो 800 का गजब का क्रेज है।

बता दें कि मुख्यमंत्री ने राज्य के लिए 58 हजार 444 करोड़ रुपये का बजट रखा है। इस बजट में मनरेगा मजदूर, किसान और पर्यटन समेत कई अन्य मुद्दों को प्राथमिकता के तौर फोकस किया है।

इसके साथ ही कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड लाने वाले खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपए की राशि देने का ऐलान किया गया है। खेल में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों के लिए एसी कोच का किराया सरकार की ओर से भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही सिल्वर मेडल पर 30 लाख की जगह 2 करोड़ और कांस्य पर 20 लाख की जगह अब एक करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी।

# ऑपरेशन लोटसः कमलनाथ–नकुलनाथ के साथ कई नेता छोड़ेंगे कांग्रेस का हाथ



**मध्य प्रदेश** में आज कांग्रेस को बड़ा झटका लगने वाला है। पार्टी के दिग्गज नेता कमलनाथ अपने सांसद बेटे नकुलनाथ के साथ भाजपा ज्वाइन करने वाले हैं। उनके साथ ही पार्टी के कई नेता भी भाजपा का दामन थामेंगे, देखें संभावित लिस्ट–लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पाला बदलने का खेल जारी है। कांग्रेस के नेता काफी संख्या में भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ के अपने बेटे नकुलनाथ के साथ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल होने की अटकलें सामने आई हैं और कहा है कि आज शाम ही कमलनाथ अपने बेटे नकुलनाथ के साथ भाजपा का दामने थामेंगे। कमलनाथ कल शाम अचानक दिल्ली पहुंच गए और मीडिया से बात करते हुए कहा कि कुछ भी होगा तो सबसे पहले आपको आकर बताऊंगा। .

कमलनाथ समर्थक विधायक और पूर्व विधायक भी दिल्ली पहुंच गए हैं। कहा जा रहा है कि 15 से ज्यादा विधायक 5 पूर्व विधायक और तीन महापौर भी कमलनाथ और नकुलनाथ के साथ बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक देर रात तक इन सबकी पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक 19 फरवरी को कमलनाथ–नकुलनाथ भाजपा जॉइन को कर सकते हैं।

वहीं, खबर ये भी है कि कमलनाथ समर्थक विधायक और कांग्रेस के पूर्व विधायकों ने अपना–अपना मोबाइल बंद कर लिया है। इसे लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार अलर्ट पर हैं और लगातार विधायकों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। कमलनाथ के कट्टर समर्थक सज्जन वर्मा भी दिल्ली पहुंच गए हैं। सज्जन वर्मा ने इंडिया टीवी से बातचीत के दौरान कहा कि, मैं जा रहा हूं कमलनाथ को मनाने। कांग्रेस से नाराजगी के सवाल पर कहा कि ये सब राजनीति में होता रहता है, नाराजगी उतार–चढ़ाव रूठना मनाना चलता रहता है।

# स्कूल में तंग करने पर तीन किशोरों ने छात्र को चाकू घोंपकर की हत्या

**दक्षिण दिल्ली** के नेब सराय इलाके से हत्या की सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां तीन किशोरों ने स्कूल में परेशान करने को लेकर एक छात्र की कथित रूप से चाकू घोंपकर हत्या कर दी। छात्र 11वीं कक्षा में पढ़ता था। घटना की जानकारी पुलिस ने दी।

पुलिस ने बताया कि घटना के सिलसिले में 10वीं कक्षा के एक छात्र सहित तीन किशोरों को पकड़ा गया है। अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल किए गए दो चाकू भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, रोहन गुरुवार को नेब सराय में घायल अवस्था में मिला था। उसके शरीर पर चाकू से वार के कई घाव थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उसे सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अधिकारी के मुताबिक, पूछताछ के दौरान एक आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह और रोहन एक ही स्कूल में पढ़ते हैं और रोहन उसे स्कूल में अक्सर परेशान किया करता था। उन्होंने बताया कि इसलिए आरोपी ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर बदला लेने का फैसला किया और चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

# विधानसभा में केजरीवाल ने जीता विश्वास मत, कहा– भाजपा आप को किसी भी तरह कुचलना चाहती है

**पीलीभीत :** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लाया गया विश्वास प्रस्ताव शनिवार को ध्वनिमत से पारित हो गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है, जो ''किसी भी तरह से उसे कुचलना चाहती है''। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि पार्टी ने 54 विधायकों के समर्थन से विश्वास मत जीता और कहा कि उनकी पार्टी के किसी भी विधायक ने दलबदल नहीं किया है। विश्वास प्रस्ताव पर मतदान के दौरान 'आप' के 62 में से 54 विधायकों के ही मौजूद रहने पर केजरीवाल ने कहा कि 'आप' के किसी विधायक ने दल नहीं बदला। उन्होंने कहा कि दो विधायक जेल में हैं, कुछ अस्वस्थ हैं तो कुछ शहर से बाहर हैं। मुख्यमंत्री ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि भाजपा के लिए आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी चुनौती है और यही वजह है कि उस पर चौतरफा हमले हो रहे हैं।

दिल्ली अग्निकांड में मारे गए मृतकों के परिवारों को मिलेगा मुआवजा, अरविंद केजरीवाल ने किया ऐलानउन्होंने पूर्व में आरोप लगाया था कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश की। उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान बृहस्पतिवार को कथित तौर पर बाधा पहुंचाने के लिए भाजपा के आठ विधायकों में सात को शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी एकमात्र विपक्षी विधायक थे जो विश्वास मत के दौरान सदन में मौजूद थे। बिधूड़ी ने कहा कि विश्वास प्रस्ताव की कोई जरूरत नहीं थी क्योंकि 'आप' सरकार के पास सदन में बहुमत है। उन्होंने कहा, ''लेकिन मुख्यमंत्री ने दिल्ली के लोगों का विश्वास खो दिया है।'' उन्होंने सदन में कहा, ''सरकार पर भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप हैं और वह कई मोर्चों पर विफल रही है। केजरीवाल और उनकी मंत्री आतिशी उनके विधायकों की खरीद–फरोख्त के आरोपों पर भाजपा की शिकायत पर पुलिस जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।'' मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार के पास सदन में बहुमत है लेकिन उसे विश्वास प्रस्ताव लाने की जरूरत है क्योंकि भाजपा पार्टी के विधायकों को तोड़ने और उनकी सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है।



# यूपी कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने की तैयारी में बैठे थे मुन्नाभाई

**लखनऊ** उत्तर प्रदेश में 60,244 सिपाही पदों की भर्ती के लिए परीक्षा चल रही है। शनिवार के दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। अब आज यानि रविवार को भी परीक्षा होनी है। प्रशासन इस परीक्षा के लिए बेहद ही सतर्क था और इसी का परिणाम हिया कि पुलिस के हत्थे कई सॉल्वर चढ़े। यूपी पुलिस ने बताया कि उन्होंने 15, 16 और 17 फरवरी के दौरान कुल 122 मुन्नाभाईओं को गिरफ्तार या हिरासत में लिया है।

पुलिस ने बताया कि परीक्षा की सुचिता और पवित्रता बनाए रखने के लिए पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया हुआ था।इस अभियान के तहत 122 लोग पकडे गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले दिन परीक्षा में गड़बड़ी की कोई सूचना नहीं मिली। शनिवार को दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से निपटी। बता दें कि आज भी परीक्षा दो पालियों में ही होगी।

उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि 15 फरवरी से 17 फरवरी को शाम 4:30 तक 14 जिलों से कुल 122 लोगों को पकड़ा गया। इस दौरान शनिवार को 96 लोग गिरफ्तार किए गए। इसमें सबसे ज्यादा 15 लोग शनिवार को एटा जिले से गिरफ्तार किए गए। इससे पहले 16 फरवरी को 21 लोगों को पकड़ा गया। वहीं 15 फरवरी को 5 लोगों को उठाया गया।

बता दें कि परीक्षा में कुल 48, 17,441 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें 15,48,969 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। केंद्रों पर शनिवार 17 फरवरी को प्रथम और द्वितीय दोनों पालियों में 12,04, 360 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, जबकि रविवार 18 फरवरी की प्रथम पाली में 12,04,361 व द्वितीय पाली में 12,04,360 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इस परीक्षा में उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त अन्य राज्यों से 6 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, जिसमें बिहार के 267305 अभ्यर्थी, हरियाणा के 74769 अभ्यर्थी, झारखण्ड के 17112 अभ्यर्थी, मध्य प्रदेश के 98400 अभ्यर्थी.

# एक ही परिवार के तीन लोगों के मर्डर से दहल उठा बेगूसराय, पिता–पुत्र और बेटी की गोली मारकर हत्या

**बेगूसरायः** बिहार में सत्ता परिवर्तन हो चुका है लेकिन हालात जस के तस हैं। राज्य में अपराधियों और अपराध का बोलबाला जारी है। सरेआम हत्याएं हो रही हैं। पुलिस अपराध को काबू में रखने का दावा तो कर रही है लेकिन हर रोज हो रही घटनाएं पुलिस के दावों की सच्चाई बता रही है। शनिवार रात को बेगूसराय में हुई घटना ने तो पूरे शहर को ही दहला दिया।

**एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या :** बेगूसराय में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गई। यह हत्याकांड साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के विष्णुपुर आहो की है। बताया जा रहा है कि इस हत्याकांड को मृतकों के करीबी रिश्तेदारों ने ही इस घटना को अंजाम दिया है। मृतक की पहचान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर श्रीनगर निवासी उमेश यादव, उनके 25 वर्षीय राजेश यादव और 21 वर्षीय बेटी नीलू कुमारी के रूप में हुई है।



घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के श्रीनगर छर्रापट्टी निवासी उमेश यादव के पुत्री लूसी कुमारी की शादी गोविंदपुर निवासी संजय यादव के भतीजा ललन यादव के साथ से हुई थी। इस दौरान संजय यादव के परिवार के लोग अपने रिश्तेदार के यहां बराबर श्रीनगर छर्रापट्टी आती थीं और नीलू भी बराबर अपनी बहन लूसी के घर गोविंदपुर जाती थी। इसी दौरान लूसी के देवर हिमांशु से नजदीकी जान पहचान हो गई।इससे कुछ दिन पहले नीलू की शादी हिमांशु यादव के साथ हुई थी। लेकिन वह लोग लड़की को रखना नहीं चाहते थे। उसी के परिवार में किसी अन्य की शादी होनी थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद आज उमेश यादव अपने पुत्र राजेश कुमार एवं पुत्री नीलू के साथ गोविंदपुर पहुंच गए और घर में रखने का दबाव बनाया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा सुनी हुई। तभी तीनों को गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद कोहराम मच गया।

# यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बने दूसरे सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री



**लखनऊः** नेताओं की अपने राज्यों में लोकप्रियता का आकलन करने के उद्देश्य से एक मीडिया द्वारा किए गए हालिया सर्वेक्षण में कुछ दिलचस्प नतीजे सामने आए हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉक्टर माणिक साहा ने मुख्यमंत्रियों के बीच लोकप्रियता रेटिंग के मामले में पांचवें स्थान पर कब्जा कर लिया है। सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता और स्वीकार्यता का आकलन करना था, जिसमें पहले नंबर पर तो नहीं, दूसरे नंबर पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का नाम सामने आया है। तो आईए जानते हैं कि पहले नंबर पर कौन काबिज है?

इस सर्वेक्षण के अनुसार, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक 52.7 प्रतिशत की उल्लेखनीय लोकप्रियता रेटिंग के साथ सूची में पहले स्थान पर काबिज हैं तो वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 51.3 प्रतिशत लोकप्रियता रेटिंग के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। इसमें तीसरे स्थान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा हैं, जिन्होंने 48.6 प्रतिशत रेटिंग हासिल की है, जबकि चौथे स्थान पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल हैं, जिन्हें 42.6 प्रतिशत रेटिंग मिली है।इस रेटिंग में त्रिपुरा के सीएम डॉ. माणिक साहा ने इस बार सराहनीय 41.4 प्रतिशत लोकप्रियता रेटिंग हासिल की है। इसका मतलब है कि त्रिपुरा के नागरिकों के बीच वे काफी लोकप्रिय हैं।

> त्रिपुरा के लोगों ने मुख्यमंत्री साहा की सादगी, समर्पण, ईमानदारी और उनके नेतृत्व में की गई विकासात्मक प्रगति के लिए उनकी प्रशंसा की। लोगों ने एक दयालु नेता होने के लिए उनकी सराहना की जो उनके सुख–दुख में शामिल होते हैं।

त्रिपुरा के लोगों ने मुख्यमंत्री साहा की सादगी, समर्पण, ईमानदारी और उनके नेतृत्व में की गई विकासात्मक प्रगति के लिए उनकी प्रशंसा की। लोगों ने एक दयालु नेता होने के लिए उनकी सराहना की जो उनके सुख–दुख में शामिल होते हैं।

एक डेंटिस्ट से नेता बने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता माणिक साहा, जिन्होंने पार्टी को त्रिपुरा में सत्ता तक पहुंचाया, ने लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है और लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं।आदित्यनाथ की लोकप्रियता का श्रेय अक्सर उनके शासन के नए मॉडल को दिया जाता है, जिसमें कानून और व्यवस्था सर्वोपरि है। देश में लोकप्रियता के मामले के बाद गृह राज्य में भी लोकप्रियता की बात करें तो योगी को यूपी में 51.3 प्रतिशत लोगों ने उनके काम से संतुष्टि व्यक्त की है, जो पिछले सर्वेक्षण में 46.9 प्रतिशत से अधिक है। इसने उन्हें अपने गृह राज्यों में सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों में पांच स्थान की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर ला दिया है।

आवश्यकता, नाम परिवर्तन, खोया–पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें –94568843327

# किसान नेता डल्लेवाल ने केंद्र से की मांग

## कहा– किसानों की मांगें माने, टाल–मटोल की नीति न अपनाएं

**नई दिल्ली** : किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ रविवार को यहां बातचीत से पहले कहा कि केन्द्र सरकार को टाल–मटोल की नीति नहीं अपनानी चाहिए और आचार संहिता लागू होने से पहले किसानों की मांगें माननी चाहिए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले माह की जा सकती है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों पर तीन केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच शाम को बैठक होनी है। यह बैठक ऐसे वक्त में होनी है, जब हजारों किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं।



किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को भी बातचीत हुई थी, जो बेनतीजा रही। डल्लेवाल ने शंभू सीमा पर संवावदाताओं से कहा, ''हम सरकार से कहना चाहते हैं कि वह टाल–मटोल की नीति न अपनाये।'' उन्होंने कहा कि अगर सरकार को लगता है कि वह आचार संहिता लागू होने तक बैठकें जारी रखेगी और फिर कहेगी कि आचार संहिता लागू हो गई है और हम कुछ नहीं कर सकते (फिर भी) ''किसान वापस नहीं लौटेंगे।'' उन्होंने कहा, ''सरकार को आचार संहिता लागू होने से पहले हमारी मांगों का समाधान तलाशना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच शाम साढ़े पांच बजे बैठक शुरू होगी। किसान नेता ने कहा कि आंदोलन किसी राजनीतिक दल द्वारा प्रायोजित नहीं है, साथ ही उन्होंने फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश लाने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की अपनी मांग दोहराई। एक अन्य किसान नेता सुरजीत सिंह फूल ने केंद्र पर हिरासत में लिये गए किसानों को रिहा करने और पंजाब के कुछ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं तथा किसान नेताओं के सोशल मीडिया खातों को बहाल करने के अपने आश्वासन को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।

> एक अन्य किसान नेता सुरजीत सिंह फूल ने केंद्र पर हिरासत में लिये गए किसानों को रिहा करने और पंजाब के कुछ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं तथा किसान नेताओं के सोशल मीडिया खातों को बहाल करने के अपने आश्वासन को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय किसान नेताओं के साथ बैठक करेंगे। किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च का आज छठा दिन है।

# मुंबई के गोवंडी इलाके में लगी भीषण आग, कई मकान और दुकानें जलकर हुईं ख़ाक

**मुंबईः** मुंबई में पिछले कुछ दिनों से आग लगने का सिलसिला जारी है। अलग–अलग इलाकों में आग लग रही है। हालांकि दमकल विभाग की सतर्कता से इन घटनाओं में कोई बड़ा नुकसान नहीं हो रहा है। इसी क्रम में शनिवार तडके सुबह लगभग 4 बजे गोवंडी इलाके में आग लग गई। जरा सी देर में ही आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। हालांकि इस आग में कोई घायल नहीं हुआ।

5 छोटी दुकानें और कुछ मकान क्षतिग्रस्त

इस घटना के बाद एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुंबई के गोवंडी इलाके में एक चॉल में आग लगने से लगभग 15 छोटी दुकानें और कुछ मकान क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारी ने बताया कि दमकल



विभाग को शनिवार तड़के तीन बजकर करीब 55 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। दमकल सेवा के अधिकारी ने बताया, "गोवंडी के आदर्श नगर इलाके में बैंगनवाड़ी की एक चॉल में आग लगने से भूतल पर करीब 15 छोटी दुकानों और पहली मंजिल पर कुछ मकानों को नुकसान पहुंचा है।" उन्होंने बताया कि आग की चपेट में कुछ बिजली के तार, प्लास्टिक, घरेलू सामान, लकड़ी की तख्ते और अन्य चीजें भी आ गयीं।

# दिल्ली में पलटी मालगाड़ी, कई डिब्बे पटरी से उतरे

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक बड़ा रेल हादसा हुआ है। यहां जखीरा फ्लाईओवर के पास एक मालगाड़ी पलट गई है। जानकारी के अनुसार, मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि इस हादसे में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। इस हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे, फायर ब्रिगेड समेत अन्य राहत और बचाव दल की टीमें हादसा स्थल पर पहुंच गईं। रेलवे ने बताया कि मालगाड़ी में लोहे की शीट के रेल लोड किए गए थे। यह हादसा पटेल नगर–दयाबस्ती खंड के बीच में हुआ है। ट्रेन मुंबई से चंडीगढ़ जा रही थी।

**ट्रेन के डिब्बे में लगी आग**

बता दें कि इससे पहले मध्य दिल्ली के पटेल नगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक खाली यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में मंगलवार को दोपहर में आग लग गई थी। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने इस मामले की जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि



विभाग को दोपहर एक बजकर 33 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की पांच गाड़ियों को वहां भेजा गया। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

**आग पर पाया गया काबू**

दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि आग पर दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर काबू पा लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिरसा एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लगी थी जो प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर खड़ी थी। अधिकारी ने बताया कि घटना के वक्त सभी डिब्बे खाली थे। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है।

# मध्य प्रदेशः शादी समारोह में मधुमक्खियों ने मचाया आतंक

**गुनाः** मध्य प्रदेश के गुना में मधुमक्खियों के आतंक ने शादी समारोह में हड़कंप मचा दिया। इस हमले में न केवल कई मेहमान घायल हुए बल्कि 2 मेहमानों को तो आईसीयू में एडमिट करना पड़ा। मिली जानकारी के मुताबिक, होटल की छत पर मधुमक्खियों का छत्ता लगा था, जिसने वहां मौजूद लोगों पर हमला किया।

**क्या है पूरा मामला?**

मध्यप्रदेश के गुना शहर के एक मैरिज गार्डन में शादी का समारोह चल रहा था। इसी दौरान मधुमक्खियों ने मेहमानों पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई। लोग हमले से बचने के लिए इधर उधर भागने लगे। इस घटना में वर और वधु पक्ष के एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं और दो लोग गंभीर हैं। इन दोनों को प्राइवेट हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, शहर कस्तूरी गार्डन में पुरानी गल्ला मंडी की रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल की बेटी की शादी थी। इसमें शामिल होने के लिए मेहमान मैरिज गार्डन





पहुंचे थे। शनिवार को शादी के कार्यक्रम चल रहे थे। इसी बीच अचानक दोपहर में मधुमक्खियों ने शादी में आए मेहमानों पर हमला कर दिया।

दुल्हन के पिता प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि गार्डन में मधुमक्खियों के 20–25 छत्ते लगे हैं। गार्डन संचालकों से कहा भी था कि इससे कोई घटना हो सकती है। लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसे में ही शादी करनी पड़ेगी।

शनिवार को मधुमक्खियों ने मेहमानों पर हमला कर दिया। उनके हमले में दोनों पक्षों के कई मेहमान घायल हो गए। चार मेहमानों को आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। जिसमें से 2 अभी भी आईसीयू में हैं। वधु पक्ष का कहना है कि शादी समारोह होने के बाद मामले की शिकायत करेंगे।

# जादू टोना के लिए अंडरवियर की चोरी! शक में ग्रामीणों ने बुजुर्ग दंपति से की मारपीट

**नई दिल्लीः** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले से शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जिले के अमोला थाना अंतर्गत सिलानगर गांव में कुछ लोगों ने बुजुर्ग दंपत्ति से मारपीट की। इतना ही नहीं, उन ग्रामीणों ने अमानवीय व्यवहार करते हुए बुजुर्ग दंपति को मैला भी खिला दिया। पीड़ति की शिकायत पर सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आई है, क्योंकि पहले बुजुर्ग दंपति थाने पर शिकायत लेकर गए, लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद जिला मुख्यालय पर आकर पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने जांच की और इसके बाद मामला दर्ज किया गया। अब सात लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई है और आरोपियों को विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

बताया गया है कि सिलानगर गांव के बुजुर्ग दंपति ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में आरोप लगाए हैं कि गांव के



ही सात लोगों ने उनके साथ 15 फरवरी को मारपीट की और मैला खिलाया। आरोपियों ने जादू–टोना के शक में इस वारदात को अंजाम दिया। बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से गांव के कुछ लोगों के अंडरवियर चोरी किए जा रहे थे। इस बात को लेकर उक्त मामले में बुजुर्ग दंपत्ति पर शक किया गया और आरोपियों ने इस बात को लेकर उनकी पिटाई कर दी और मैला खिला दिया।

## संक्षेप खबरें

### अस्पताल से डिस्चार्ज हुए पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, सांस लेने में दिक्कत के बाद से जारी था इलाज



**नई दिल्ली** :पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा को रविवार की दोपहर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। मणिपाल अस्पताल ओल्ड एयरपोर्ट रोड के एचओड और रिपिरेटरी मेडिसिन और ट्रांसोलैंट फिजिशियन ड़ॉ. सत्य नारायण मैसूर ने कहा कि वह फिट और काम करने लायक हो गए हैं। दरअसल पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा को तबियत बिगड़ने के बाद गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार की सुबह उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए मणिपाल अस्पताल में भर्तीय कराया गया था। जहां डॉ. सत्यनारायण मैसूर ने उनका इलाज करा दिया। अस्पताल ने इस दौरान बयान दिया था कि वो सत्यनारायण मैसूर की देखरेख में हैं और विशेषज्ञों की टीम उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।देवगौड़ा के दामाद मंजूनाथ ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री को पिछले तीन दिनों से तेज बुखार और गंभीर रूप से खांसी हो रही थी।

### यूं ही नही कांग्रेस से रूठे हैं कमलनाथ, एक–दो नही, नाराजगी की ये 10 वजहें आईं सामने



**कोलकाता** :मध्कय प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ कांग्रेस से नाराज हैं और उनके भाजपा में जाने की अटकलें जारी हैं। कहा जा रहा था कि कमलनाथ आज शाम को ही भाजपा का दामन थाम लेंगे फिर खबर मिली कि कमलनाथ आज नहीं कल यानी सोमवार को भाजपा ज्वाइन करेंगे। कमलनाथ के साथ उनके सांसद बेटे नकुलनाथ और उनके कई समर्थक विधायक और पूर्व विधायक भी भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं। ये भी कहा जा रहा है कि कमलनाथ कांग्रेस से राज्यसभा का टिकट नहीं मिलने के कारण नाराज चल रहे थे लेकिन ऐसा नहीं है। कमलनाथ की कांग्रेस से नाराजगी की वजहें कई हैं।रणदीप सुरजेवाला गुरदीप सप्पल जेपी अग्रवाल ने आला कमान से की थी कमलनाथ की कार्य प्रणाली की शिकायत। प्रदेश अध्यक्ष पद पर जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष के पद पर उमंग सिंघार और उप नेता प्रतिपक्ष के पद पर हेमंत कटारे की नियुक्ति में नहीं ली गई कमलनाथ से सलाह।कमलनाथ की सोनिया गांधी से आग्रह के बावजूद नहीं मिला राज्यसभा का टिकट, कट्टर दिग्विजय समर्थक अशोक सिंह को दिया गया राज्यसभा का टिकट.

### एनसीआर में फिर वापस लौटेगी ठंड! बारिश को लेकर कटऊने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली**:पिछले एक हफ्ते से दिल्ली–एनसीआर के मौसम में गर्मी का एहसास होने लगा है। तापमान भी लगातार बढ़ रहा है। सुबह–शाम हल्की ठंड हो रही है और दिन में कड़ाके की धूप निकल रही है। फरवरी की शुरुआत में शीतलहर का असर दिखा था लेकिन अब वह भी नहीं है। इसी बीच भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बारिश की चेतावनी जारी की है। आईएमडी ने बारिश का अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली में सोमवार, मंगलवार और बुधवार को हल्की वर्षा होने का अनुमान है। इसके कारण अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की कमी आ सकती है। तापमान में कमी आने के चलते एक बार फिर ठंडक बढ़ेगी। इसके साथ ही पहाड़ी इलाकों में बर्फ़बारी का भी अनुमान है।

कहा है कि रविवार को सुबह हल्की धुंध होगी लेकिन दिन में हल्के बादल आसमान में छाए रहेंगे। इसके साथ ही सोमवार को बारिश के साथ हवाएं चलने की संभावना है। वहीं मंगलवार को हल्की से मध्यम श्रेणी की वर्षा हो सकती है.

# तीसरी बार सरकार बनाकर हम जनसेवा और राष्ट्र सेवा का अप्रतिम इतिहास रचने जा रहे हैं

**नई दिल्लीः** भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन को पीएम मोदी ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण से हमें जनता–जनार्दन का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। 2024 में तीसरी बार सरकार बनाकर हम जनसेवा और राष्ट्र सेवा का अप्रतिम इतिहास रचने जा रहे हैं।

हमें सबका विश्वास हासिल करना है। जब सबका प्रयास होगा तो देश की सेवा के लिए सबसे ज्यादा सीटें बीजेपी को ही मिलेगी ।बीजेपी के कार्यकर्ता सत्ता में रहने के बाद भी समाज के लिए इतना करते हैं, दिन रात दौड़ते हैं, सिर्फ और सिर्फ भारत माता की जय के लिए करते हैं। भाजपा का कार्यकर्ता साल के हर दिन देश की सेवा के लिए कुछ न कुछ करता ही रहता है, लेकिन अब अगले 100 दिन नई ऊर्जा, नया उमंग, नया उत्साह, नया विश्वास, नए जोश के साथ काम करने का है।

**हमें भारत को विकसित बनाना है**

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में भारत ने जो गति पाई है ये दुनिया गाजे–बाजे के साथ बोल रही है। हर क्षेत्र में उंचाई हासिल की है,




एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है, ये संकल्प है विकसित भारत का। ये हमारा सपना भी है हमें भारत को विकसित बनाना है। इसमें अगले 5 सालों की बहुत बड़ी भूमिका होने जा रही है, पहले से कई गुना तेजी से काम करना है। आज विपक्ष के नेता भी ठउ्भ सरकार 400 पार के नारे लगा रहे हैं। ठउ्भ को 400 पार कराने के लिए भाजपा को 370 का मील का पत्थर पार करना ही होगा। पूरा देश मानता है कि 10 साल का बेदाग कार्यकाल और 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना समान्य उपलब्धि नहीं। हम इस देश को महाघोटालों और आतंक से मुक्ति दिलाई है, गरीब का जीवन बेहतर करने का प्रयास किया है।

> देश न छोटे सपनें देख सकता है और न ही छोटे संकल्प ले सकता है। अब सपनें भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे। ये हमारा सपना भी है और संकल्प भी है कि हमे भारत को विकसित बनाना है। हम तो छत्रपति शिवाजी को मानने वाले लोग हैं। जब छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ तो उन्होंने ये नही किया कि सत्ता मिल गई तो चलो उसका आनंद लो। उन्होंने अपना मिशन जारी रखा। मैं अपने सुख वैभव के लिए जीने वाला व्यक्ति नही हूं। मैं बीजेपी सरकार का तीसरा टर्म, सत्ता भोग के लिए नही मांग रहा हूं।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम राजनीति के लिए नहीं राष्ट्रनीति के लिए निकले हैं। जिन लोगों को किसी ने नहीं पूछा, हमने उन्हें सिर्फ पूछा ही नहीं बल्कि उन्हें पूजा भी है। भारत ने आज हर क्षेत्र में जो उंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है। ये संकल्प है विकसित भारत का। अब देश न छोटे सपनें देख सकता है और न ही छोटे संकल्प ले सकता है। अब सपनें भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे। ये हमारा सपना भी है और संकल्प भी है कि हमे भारत को विकसित बनाना है। हम तो छत्रपति शिवाजी को मानने वाले लोग हैं। जब छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ तो उन्होंने ये नहीं किया कि सत्ता मिल गई तो चलो उसका आनंद लो। उन्होंने अपना मिशन जारी रखा। मैं अपने सुख वैभव के लिए जीने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं बीजेपी सरकार का तीसरा टर्म, सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं। मैं राष्ट्र का संकल्प लेकर निकला हुआ व्यक्ति हूं।

संपादकीय

## चांद के साथ सातवें आसमान पर पहुंचा भारत

वक्त के पहियों पर सवार साल 2023 अलविदा कह चुका है, नए साल 2024 ने दस्तक दे दी है, लेकिन बदलता हुआ ये पल उन घटनाओं की चर्चा के बगैर अधूरा ही रहेगा, जिसने देश दुनिया में भारत की छवि को बदलकर रख दिया. वह चाहे चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक बुलंदी हो, या फिर॔-20 का सफलतम आयोजन हो. वह चाहे आधुनिकता और प्राचीन संस्कृति का संगम नया संसद भवन हो या फिर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भारत का बढ़ता सम्मान हो. अमृतकाल में यह साल बार-बार नए भारत की अनगिनत कहानियां लिखता रहा. दुनियाभर में गुंजायमान होने वाली इन उपलब्धियों से न सिर्फ हर भारतवासी का सीना गर्व से चौड़ा हुआ, बल्कि देश की गौरवगाथा में भी चार चांद लगे.

> भारत से पहले अमेरिका, पूर्ववर्ती सोवियत संघ और चीन ही चांद पर सफल 'सॉफ्ट लैंडिंग' कर पाए हैं, लेकिन ये देश भी चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कभी नही उतर पाए. यह गर्वीला रिकॉर्ड भारत ने ही बनाया. इसके साथ ही हमें यह भी याद रखना चाहिए

नए वर्ष के पहले दिन ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (कफ्ह) ने एक्सपो सैटेलाइट की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग के साथ एक नया रिकॉर्ड कायम किया. यह मिशन एक्स रे रहस्यों का पता लगाने के साथ ब्लैक होल की जानकारी इकट्ठा करेगा और ऐसा करने वाला भारत अमेरिका के बाद दूसरा देश बन गया है. इसी कड़ी में अगर साल 2023 को देखें तो इसरो का चंद्रयान-3 मिशन पिछले साल की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धियों में से एक रहा है. चंद्रयान-3 ने चांद की सतह पर उतर कर इतिहास रच दिया. भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला दुनिया का पहला देश बना. हमने जहां लैंडिंग की, उस जगह को 'शिव ?शक्ति प्वाइंट' नाम दिया गया है. पिछले साल 14 जुलाई को दोपहर 2:35 बजे श्रीहरिकोटा से उड़ान भरने वाले चंद्रयान-3 ने अपनी यात्रा 40 दिनों में 23 अगस्त को पूरी की. विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग के बाद प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा की सतह पर घूमकर शोध किया और कई अहम जानकारियां जुटाईं. भारत से पहले अमेरिका, पूर्ववर्ती सोवियत संघ और चीन ही चांद पर सफल 'सॉफ्ट लैंडिंग' कर पाए हैं, लेकिन ये देश भी चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कभी नहीं उतर पाए. यह गर्वीला रिकॉर्ड भारत ने ही बनाया. इसके साथ ही हमें यह भी याद रखना चाहिए कि इस सफलता के पीछे इसरो के पूर्व चेयरमैन कैलासवादिवु सिवन की अथक मेहनत और आंसू भी छिपे हैं. पांच साल पहले इसरो ने चंद्रयान-2 को लॉन्च किया था, लेकिन तब चांद पर लैंडिग से पहले विक्रम लैंडर से सभी संपर्क टूट गए थे. इसके बाद भारत ने किसी भी मुश्किल में हार न मानने का जज्बा, जोश और समर्पण दिखाया.



भारत सरकार ही नहीं करोड़ों देशवासियों की दुआएं इसरो के वैज्ञानिकों के साथ थीं. उसी का सुखद परिणाम चंद्रयान मिशन की सफलता के रूप में सामने आया और पूरी दुनिया ने इसरो और भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा का लोहा माना. चंद्र-विजय के साथ अब बारी सूर्य मिशन की है. आजादी के 75 साल बाद भारत ने पिछले साल 2 सितंबर को अपना पहला सूर्य मिशन लॉन्च किया है. इसरो ने 'आदित्य एल1' को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के स्पेस सेंटर से पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (ढरछश्-उ57) से लॉन्च किया गया. इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ के मुताबिक सूर्य मिशन 6 जनवरी 2024 को अपने गंतव्य लैग्रेंजियन पॉइंट (एल1) पर पहुंचेगा.

# रील और रियल के बीच फंसी जिंदगी

> इंटरनेट के इस मायाजाल से समाज को आगाह करने वाला कोई सिस्टम ही नहीं है. स्कूल- कालेज में ऐसी कोई ट्रेनिंग नही दी जा रही है जहां ये बताया जा सके कि इस मायाजाल से समय की बर्बादी कैसे रोकें.मोबाइल फोन में डिजिटल वेल वीग जरूर एक विकल्प है जो बताता रहता है कि आपने किस ऐप पर कितना वक्त बिताया. कई बार ये आंकडे आपको चौका देंगे. रील देखने वालों की दुनिया में ऐसा कोई संदेश नही बढ़ाया जा रहा है जिससे ये समझाया जा सके कि वक्त आपका सबसे बड़ा संसाधन है.

अभिषेक शर्मा

पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों के बीच एक बात कही, रील देखने बैठो तो पता ही नहीं लगता कि कितना वक्त निकल गया. बात बच्चों के लिए थी लेकिन इस पर चर्चा बड़ों के बीच होने लगी. चर्चा की दो बड़ी वजह थीं. पहली तो ये कि रील देखने वालों की जितनी भी तादाद है उसको ये बात सही लगी. आप किसी भी परिवार में चले जाएं, कम उम्र के नौजवान या तो आपको स्वैप करते दिखेंगे या फिर रील पर चर्चा करते हुये. बड़ों की भी जब बातें खत्म होने लगती हैं तो वो रील पर चले जाते हैं.

कई बार तो आलम ये होता है कि बीच बात में ही रील चलने लगती है. समाज का एक बड़ा तबका ऐसी जगह पहुंच रहा है जहां उसका जीवन रील के बिना अधूरा लगता है. ये रील यूजर्स हैं.

रील से जुड़े लोग आपको दुनिया जहान में किसी भी जगह ये बनाते हुये दिख जाएंगे. मुंबई में किसी जगह आग लगी हो या दिल्ली में किसी ट्रैफिक लाइट पर कुछ अलबेला हो, रील वाले वहां मौजूद मिलेंगे. फटाफट शोहरत का ये सबसे सस्ता माध्यम यही है. रील टिकटॉक की राह पर है. जो लोग रील बना रहे हैं वो कभी टिकटॉक से फेमस होने की चाह रखते थे. इसमें कोई शक नहीं है रील ने नये लोगों को मौका दिया है . जो कल तक मनोरंजन नहीं माना जाता था रील ने उसकी परिभाषा भी बदली है. यहां सब चलता है. एक स्टडी बता रही है कि रील के सबसे बड़े उपभोक्ता तेजी से ग्रामीण इलाकों में बढ़ रहे हैं. दुनिया में अब सबसे ज्यादा रील के उपभोक्ता भारत में ही हैं. मेटा की आधिकारिक रिपोर्ट कह रही है कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर हर दिन 200 बिलियन वीडियो चल रहे हैं. भारत में अब 24 करोड़ इंस्टाग्राम यूजर्स हैं. यानी दुनिया में सबसे ज्यादा. ये संख्या एक किस्म से डराने वाली भी है क्योंकि सस्ते इंटरनेट और वक्त ने ग्रामीण इलाकों में इस नये मनोरंजन की 'लत' बढ़ाई है.

मनोरंजन की ये 'लत 'भी दो किस्म से काम कर रही है. एक वो लोग हैं जो जिन्हें ग्रामीण इलाकों में लगता है कि टिकटॉक के इस नये अवतार से जल्द से जल्द मशहूर हुआ जा सकता है. वो तमाम लोग अब यहां किस्मत आजमा रहे हैं.

कटेंट में वो सब कुछ है जो कई बार कल्पनाओं के परे होता है. पारिवारिक विवादों की रील बन रही हैं, घर की लड़ाई अब रील पर है. घर के कलेश अब हर मोबाइल पर चल रहे हैं. इनके व्यूज़ अब लाखों- करोड़ों में है. दर्शकों की इस संख्या ने इस किस्म के कटेंट की मांग को बढ़ा दिया है. देश के कस्बों और गांवों में जिस टिकटॉक की सबसे ज्यादा तूती बोलती थी अब रील वहां राज कर रही है. हर किस्म का मनोरंजन यहां स्वीकार्य है इसलिये फर्क नहीं पड़ता कि आप में हुनर कितना है. एक स्टडी कह रही है कि ग्रामीण भारत में रील देखने वालों की संख्या सालाना 12 फीसदी की रफ्तार से बढ़ रही है. लेकिन उससे भी बड़ी खबर ये है कि प्रति इंटरनेट यूजर अब रील को ज्यादा वक्त दे रहा है. रील की एल्गोरिदम अब ऐसी है कि अगर आपको घर की लड़ाई देखने का शौक लग गया है तो आपके मोबाइल पर इसी किस्म के कंटेट आते रहेंगे. ये कंटेट आपको कुछ इस किस्म से गिरफ्त में लेगा कि आपको पता ही नहीं लगेगा कि कितना वक्त छू मंतर हो गया. रील अब आपकी जिंदगी को खतरे में भी डाल रही है. जो लोग रील खतरनाक जगहों पर बना रहे हैं उनकी कहानी को एक तरफ रख दें तो मुंबई में दो बड़ी खबरें सिर्फ रील से जुड़ी हुईं थी. मुंबई में एक ऑटो वाला रील देखते देखते ड्राइविंग कर रहा था जिससे 2 साल के बच्चे की जान चली गई. दूसरा केस भी इसी किस्म की दुर्घटना से जुड़ा हुआ है. मुंबई में सार्वजनिक वाहन चलाने वाले जो लोग 40-45 साल से कम के हैं वो अब ट्रैफिक लाइट पर भी रील देख रहे हैं.मेट्रो के अंदर रील बनाने वालों की तो कैटेगरी ही अलग है. रील बनाने के लिये मेट्रो के अंदर पहले से ही फिक्स लड़ाई तक की जा रही है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगो का मनोरंजन किया जा सके.रील और इंटरनेट कंटेट में ऐसा बहुत कुछ है जो सामाजिक बुराईयों को सामान्य कर रहा है. महिलाओं या लड़कियों की पिटाई, फब्ती कसना या फिर धार्मिक उन्माद ऐसा बहुत कुछ है जिसका आप उपभोग किये जा रहे हैं, ये समझे बिना कि इसके दूरगामी परिणाम आपके जीवन पर भी हो सकते हैं. रील के लिये सड़कों पर ऐसा बहुत कुछ हो रहा है जिसे हम अब सामान्य मानने लगे हैं. इंटरनेट अब एक बड़ी आबादी को 'रैबिट होल' में ले जा रहा है. जहां गैर जरूरी जानकारियों, वीडियो के वेब में कामकाजी जनता फंसती जा रही है. इंटरनेट के इस मायाजाल से समाज को आगाह करने वाला कोई सिस्टम ही नहीं है. स्कूल- कालेज में ऐसी कोई ट्रेनिंग नहीं दी जा रही है जहां ये बताया जा सके कि इस मायाजाल से समय की बर्बादी कैसे रोकें.मोबाइल फोन में डिजिटल वेल वीग जरूर एक विकल्प है जो बताता रहता है कि आपने किस ऐप पर कितना वक्त बिताया. कई बार ये आंकडे आपको चौंका देंगे. रील देखने वालों की दुनिया में ऐसा कोई संदेश नहीं बढ़ाया जा रहा है जिससे ये समझाया जा सके कि वक्त आपका सबसे बड़ा संसाधन है. उसकी कीमत पर जो भी किया जाएगा उससे बड़े नुकसान होंगे.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**



बिजनेस

## चीन की चिंताओं के बीच भारत निवेश के लिए सबसे भरोसेमंद: मार्क मोबियस




**नई दिल्ली :** भारत में लॉन्ग टर्म के लिहाज से निवेश करना काफी भरोसेमंद है और चीन के मुकाबले यहां से काफी अच्छा रिटर्न मिलता रहेगा. मोबियस कैपिटल पार्टनर्स (टड्ढ४२ उंस्र३' ढं१३ह्ली१२) के को-फाउंडर मार्क मोबियस (टं१' टड्ढ४२) ने यह बात कही है. ठस्र्व्र२ ढं१ड्ढत्र्रह्य को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'कई ग्लोबल निवेशकों, खासकर अमेरिका के निवेशकों को चीन में निवेश करके काफी नुकसान हुआ है और अब वो आगे निवेश करने के बारे में चिंतित हैं.'

चीन के बजाय, निवेशकों को भारत एक भरोसेमंद निवेश के तौर पर नजर आ रहा है. भारत दुनिया के नक्शे पर ऐसा देश है, जिसकी आबादी 100 करोड़ से ज्यादा की है और अधिकतर आबादी युवाओं की है. उन्होंने कहा कि कंपनियों के वैल्यूएशन के लिए प्राइस टू अर्निंग रेश्यो का इस्तेमाल किया जाता है. लेकिन चीन के साथ समस्या ये है कि चीन की ग्रोथ भारत के मुकाबले कहीं टिकती नहीं दिख रही है. मोबियस के मुताबिक, अर्निंग के मुकाबले कीमतें ज्यादा लग रही हैं, जिससे ढए रेश्यो भी ज्यादा लग रहा है.मोबियस आगे कहते हैं, 'अगर आप अर्निंग का ग्रोथ रेट देखें, भारत अन्य देशों के मुकाबले बहुत किफायती है'. उन्होंने कहा, 'इसीलिए हम मार्केट या कंपनी देखते समय प्राइस-अर्निंग को जानबूझकर अमल में नहीं लाते हैं. इसके बदले हम रिटर्न ऑन कैपिटल या एढर ग्रोथ पर नजर रखते हैं'.मार्क मोबियस (फाउंडर, मोबियस कैपिटल पार्टनर्स) ने कहा, मुख्य रूप से हमारा फोकस किसी मार्केट या शेयर से मिलने वाले रिटर्न पर होता है. भारत इस मामले में अच्छा परफॉर्म कर रहा है.भारत ने चीन के मौजूदा हालातों से बेहतर परफॉर्म किया है. हालांकि, ये मानना भी ठीक नहीं होगा कि चीन आगे भी ऐसी ही हालत में रहेगा.

रिकवरी में कुछ समय लग सकता है, लेकिन इस दौरान ये निवेश चीन से निकलकर भारत में आ सकता है. मोबियस ने कहा, फिलहाल, भारत में उनका 25% का निवेश है और आने वाले वक्त में वो अपना पोर्टफोलियो बढ़ा भी सकते हैं.मोबियस ने कहा कि भारत में कई कारणों से निवेश आने का अनुमान है, इसमें मजबूत वैल्यू, लगातार आने वाले ग्रोथ के अवसर और भारतीय बाजार का बड़ा आकार, कुछ जरूरी पहलू हैं. ये आकार में बड़े हैं और लगातार फैल रहे हैं. भारत की रियल इकोनॉमी में बदलाव के दो बड़े कारणों पर भी उन्होंने गौर किया.

## डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ मजबूत, शुरुआती कारोबार में 3 पैसे की बढ़त दर्ज



**नई दिल्ली:** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच गुरुवार को शुरुआती कारोबार में तीन पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 82.99 पर पहुंच गया. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है. अमेरिकी मुद्रा के मजबूत रुख और कच्चे तेल की उंची कीमतों के कारण घरेलू बाजारों के सकारात्मक रुख से स्थानीय मुद्रा को मिल रहा समर्थन सीमित हो गया.

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को छह पैसे की मजबूती के साथ 83.03 के भाव पर बंद हुआ.

इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.69 पर रहा.वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81.20 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था.शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 3,929.60 करोड़ रुपये के शेयर की शुद्ध बिक्री की.

# जनवरी में यात्री वाहनों की बिक्री 13% बढ़कर रिकॉर्ड उंचाई पर : फाडा

> देश में स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनो की मजबूत मांग के दम पर जनवरी में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंच गई. वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी. फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 3,93,250 इकाई हो गई, जो जनवरी 2023 में 3,47,086 इकाई थी.

**नई दिल्ली :** देश में स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर जनवरी में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंच गई. वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी. फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 3,93,250 इकाई हो गई, जो जनवरी 2023 में 3,47,086 इकाई थी.

फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने बयान में कहा कि नए मॉडल पेश होने, अधिक उपलब्धता, प्रभावी विपणन, उपभोक्ता योजनाओं तथा शादियों के सीजन से एसयूवी की उच्च मांग से बिक्री में उछाल आया.इसके साथ ही नीष राज सिंघानिया ने कहा, '' वास्तविक बाजार की मांग के साथ बेहतर तालमेल बैठाने तथा भविष्य में 'ओवरसप्लाई' के मुद्दों से बचने के लिए ओईएम के साथ उत्पादन को लेकर फिर से विचार-विमर्श करने की जरूरत है.''उन्होंने कहा कि ओईएम (मूल उपकरण निर्माताओं) को निरंतर सफलता और समग्र बाजार स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उत्पादन योजना के साथ नवाचार को संतुलित करना चाहिए.



फाडा के अनुसार, दोपहिया वाहनों की बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 14,58,849 इकाई हो गई. वाणिज्यिक वाहन की बिक्री पिछले महीने 89,208 इकाइयों पर स्थिर रही.तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी 2023 में 71,325 इकाइयों से पिछले महीने 37 प्रतिशत बढ़कर 97,675 इकाई हो गई. ट्रैक्टर की बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 88,671 इकाई हो गई.

बता दें कि कुल खुदरा बिक्री जनवरी में सालाना अधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 21,27,653 इकाई रही, जो जनवरी 2023 में 18,49,691 इकाई थी.फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 3,93,250 इकाई हो गई, जो जनवरी 2023 में 3,47,086 इकाई थी.

## रिलायंस इंडस्ट्रीज 20 लाख करोड़ रुपये मार्केट कैप वाली पहली भारतीय कंपनी बनी

**नई दिल्ली:** उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) बुधवार को 20 लाख करोड़ रुपये का मार्केट कैप हासिल करने वाली देश की पहली कंपनी बन गयी. कंपनी का मार्केट कैप पेप्सीको, नीदरलैंड की ऊर्जा कंपनी शेल और चीन की पेट्रोचाइना लिमिटेड जैसी कंपनियों से ज्यादा हो गया है. रिलायंस के शेयर ने मंगलवार को थोड़े समय के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के बाजार मार्केट कैप को छुआ था. हालांकि, कारोबार के अंत में यह 19,93,881.61 करोड़ रुपये पर रहा था.बुधवार को कंपनी का शेयर 2,963.60 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद से 1.14 प्रतिशत ज्यादा है. इससे कंपनी का मार्केट कैप कारोबार की समाप्ति पर 20.05 लाख करोड़ रुपये हो गया. कंपनियों से आगे 49वें स्थान पर आ गई है. यदि 20 जुलाई, 2023 को रिलायंस से अलग हुई.

# राजकोट टेस्ट में भारत की ऐतिहासिक जीत

नई दिल्ली

राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 434 रनों से हरा दिया है. इस मैच की पहली पारी में भारत ने 445 रन बनाए थे. इसके बाद 430 रन बनाकर दूसरी पारी घोषित कर दी थी. इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 319 रन और दूसरी पारी में 122 रन बनाकर सिमट गई. टीम इंडिया ने रनों के लिहाज से टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है. वहीं इंग्लैंड की रनों के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी हार है.

दूसरी पारी में इंग्लैंड के 6 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके. मार्क वुड ने सबसे ज्यादा 33 रनों की पारी खेली. इसके अलावा जैक क्राउली, बेन डकैट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स और बेन फोक्स जैसे बल्लेबाज फ्लाप रहे.

वहीं भारत के लिए रवीन्द्र जडेजा सबसे कामयाब गेंदबाज रहे. रवीन्द्र जडेजा ने 12.4 ओवर में 41 रन देकर 5 बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया. कुलदीप यादव ने 2 चटकाए, जबकि रवि अश्विन और जसप्रीत बुमराह ने 1-1 सफलता मिली. अब सीरीज का चौथा मुकाबला 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा.भारत के लिए दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल ने दोहरा शतक लगाया. जायसवाल ने 236 गेंदों में 14 चौके और 12 छक्कों की मदद से नाबाद 214 रनों की पारी खेली. वहीं सरफराज खान 68 रन बनाकर नाबाद लौटे. जबकि शुभमन गिल शतक बनाने से चूक गए. वह 91 रनों पर रन पवेलियन लौटे. वहीं पहली पारी में कप्तान रोहित शर्मा ने शतक लगाया था. उन्होंने 131 रन बनाए थे. रवींद्र जडेजा ने 112 रनों की पारी खेली थी.




इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 319 रन और दूसरी पारी में 122 रन बनाकर सिमट गई. टीम इंडिया ने रनों के लिहाज से टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है. वहीं इंग्लैंड की रनों के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी हार है.

## संक्षेप खबरें

### एक साल के लिए बाहर हुआ ये खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** : क्रिकेट में खिलाड़ियों का चोटिल हो जाना आज के दिन काफी आम हो गया है। खिलाड़ी दुनियाभर में इतना ज्यादा क्रिकेट खेल रहे हैं जिसके कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई खिलाड़ी सालों तक इंजरी के कारण प्रोफेशनल क्रिकेट से दूर रहते हैं। ऐसा ही कुछ एक स्टार खिलाड़ी के साथ हुआ है। यह प्लेयर कोई और नहीं बल्कि न्यूजीलैंड के काइल जैमीसन हैं। वही काइल जैमीसन जिन्होंने हळ्ळ 2021 के फाइनल में शानदार गेंदबाजी कर टीम इंडिया को हराया था।

एक साल के लिए क्रिकेट से रहेंगे दूर काइल जैमीसन को एक और बड़ा झटका लगा है, जब स्कैन में उनकी पीठ पर एक नया स्ट्रेस फ्रैक्चर सामने आया है जो उन्हें कम से कम एक और साल के लिए खेल से बाहर रखने के लिए तैयार है। नई चोट पीठ के उसी हिस्से पर है जहां पिछले साल सर्जरी हुई थी। हालांकि, इस बार उन्हें ऑपरेशन करने की जरूरत नहीं होगी। जैमीसन ने एक बयान में कहा कि ₹पिछले कुछ दिन मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण रहे हैं लेकिन मैं अपने साथी, परिवार, टीम के साथियों, सपोर्ट स्टाफ और मेडिकल टीम से मिले समर्थन के लिए बेहद आभारी हूं। मैं जानता हूं कि एक क्रिकेटर के रूप में इंजरी जीवन का हिस्सा हैं और इस उम्र में मुझे उम्मीद है कि मेरे पास अभी भी खेलने के कई दिन बाकी हैं।29 वर्षीय खिलाड़ी को पीठ की समस्याओं के कारण पिछले कुछ सालों में निराशाजनक स्थिति का सामना करना पड़ा है। जून 2022 में चोटिल होने के बाद वह पिछले फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर लौटे थे। हालांकि, उनकी वापसी से ठीक पहले उन्हें ऐसी इंजरी हुई जिसके कारण सर्जरी के लिए जाना पड़ा और उन्हें कुछ महीनों के लिए बाहर होना पड़ा।

# लंबे समय बाद भारतीय धरती पर हुआ कुछ ऐसा, टेस्ट क्रिकेट में बन गया बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच राजकोट में तीसरे टेस्ट मैच खेला जा रहा है. पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 445 रन बनाए. इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में सिर्फ 319 रन ही बना सकी. इससे टीम इंडिया को पहली पारी के आधार पर 126 रनों की बढ़त मिल गई. लेकिन इंग्लैंड के लिए पहली पारी में एक स्टार खिलाड़ी ने बेहतरीन पारी खेली. इस प्लेयर की वजह से ही इंग्लैंड की टीम 300 रनों का आंकड़ा पार कर पाई. इस प्लेयर ने धमाकेदार बल्लेबाजी से एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है.

इंग्लैंड के लिए दूसरी पारी में बेन डकेट ने शानदार बल्लेबाजी का नजारा पेश किया. उन्होंने 23 चौके और 2 छक्के की मदद से 153 रनों की पारी खेली. टेस्ट क्रिकेट में वह टी20 के अंदाज में खेलते हुए नजर आए.

उन्होंने सिर्फ 139 गेंदों में ही 150 रन पूरे कर लिए थे. इसी के साथ वह साल 2000 के बाद टेस्ट में भारत में भारत के खिलाफ सबसे तेज 150 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं.बेन डकेट पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने साल 2000 के बाद टेस्ट में भारतीय जमीन पर भारत के खिलाफ 200 गेंदों से कम में 150 रनों का आंकड़ा पार किया हो.



# भारत की महिलाओं ने रचा इतिहास, पहली बार जीता बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का खिताब

नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम ने रविवार को फाइनल मुकाबले में थाईलैंड को हराकर अपना पहला बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप खिताब जीतकर इतिहास रच दिया।शीर्ष शटलर पीवी सिंधु के नेतृत्व में भारतीय टीम ने थाईलैंड को 3-2 से हराकर ऐतिहासिक खिताब जीता।सिंधु ने शुरुआती मैच में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी काटेथोंग सुपानिदा को 21-12, 21-12 से हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई।

फिर ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजई पर 21-16, 18-21, 21-16 से जीत दर्ज करके भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

लेकिन, थाई शटलरों ने जल्द ही अगले दो मैच जीतकर स्थिति बदल दी, क्योंकि अश्मिता चालिहा बुसानन ओंगबानरुनफान से सीधे गेम में 11-21, 14-21 से हार गई और श्रुति और प्रिया की महिला जोड़ी 11-21, 9-11 से हार गई।एक बार फिर, 17 वर्षीय अनमोल खरब ने उस समय अच्छा प्रदर्शन किया जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता था क्योंकि उन्होंने अपनी हिम्मत बरकरार रखी और निर्णायक मुकाबले में पोर्नपिचा चोइकीवोंग को 21-14, 21-9 से हराकर भारत के लिए ऐतिहासिक जीत हासिल की।




### 40 साल के हुए मिस्टर 360, गेंदबाजों में था उनका भयंकर खौफ



**नई दिल्ली।** अब्राहम बेंजामिन डिविलियर्स, जिन्हें आमतौर पर एबीडी के नाम से जाना जाता है, शनिवार को 40 साल के हो गए हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो चुके एबी डिविलियर्स अपने समय के सबसे विस्फोटक बल्लेबाज थे। पिछले कुछ सालों में उनके रिटायरमेंट के बाद से दुनिया ने उनकी बल्लेबाजी को काफी ज्यादा मिस किया है। एबी डिविलियर्स अपने अनोखे शॉट खेलने के लिए जाने जाते थे, यही कारण है कि फैंस उन्हें मिस्टर 360 के नाम से भी जानते हैं।

डिविलियर्स के नाम कई रिकॉर्ड दर्ज

डिविलियर्स ने वाइट बॉल क्रिक्रेट में कई बड़े रिकॉर्ड बनाए। वह वनडे मैचों में एक ही समय में सबसे तेज पचास, सौ और 150 रन तक पहुंचने वाले बल्लेबाज हैं।

साउथ अफ्रीका के इस खिलाड़ी को भारत में सबसे ज्यादा प्यार दिया जाता है। करोड़ों भारतीय उनके फैन हैं और उन्हें बल्लेबाजी करते देखना पसंद करते हैं।क्रिकेट के सबसे बेस्ट बल्लेबाजों में से एक, डिविलियर्स ने 2015 में जोहान्सबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ पिंक वनडे के दौरान इतिहास का सबसे तेज वनडे शतक लगाकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करवाया था। उस मैच में उन्होंने सिर्फ 31 गेंदों पर शतक जड़ा था।

# सरफराज खान ने जीता आनंद महिंद्रा का दिल

नई दिल्ली

इंग्लैंड के साथ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में धाकड़ बल्लेबाज सरफराज खान को डेब्यू करने का मौका मिला. ये बल्लेबाज लंबे वक्त से घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया के दरवाजों पर दस्तक दे रहा था. अब उनका इंतजार खत्म हो गया और उन्होंने डेब्यू पर फिफ्टी लगाई. उनके इस संघर्ष में पिता नौशाद खान का बड़ा योगदान रहा. इसी को देखते हुए सरफराज के डेब्यू पर दिग्गज बिजनेसमैन आनंद महिंद्रा ने पिता के लिए खास तौहफे का ऐलान किया है...

इंग्लैंड के साथ राजकोट में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में सरफराज खान को डेब्यू कैप सौंपी गई. इस मौके पर उनके पिता भी मौजूद थे, जो अपने इमोशंस कंट्रोल नहीं कर पाए और फूट-फूटकर रोने लगे. आनंद महिंद्रा ने अपने पोस्ट में लिखा- ₹हिम्मत नहीं छोड़ना, बस!₹ कड़ी मेहनत. साहस. धैर्य. एक पिता के लिए एक बच्चे में प्रेरणा देने के लिए इससे बेहतर गुण और क्या हो सकते हैं? एक प्रेरणादायक माता-पिता होने के नाते, यह मेरा सौभाग्य और सम्मान होगा अगर नौशाद खान थार का उपहार स्वीकार करेंगे.

राजकोट टेस्ट में डेब्यू कैप मिलने के बाद जब सरफराज खान को बल्लेबाजी का मौका मिला, तो उन्होंने कमाल की पारी खेली. वह क्रीज पर इतने सेटल दिख रहे थे, लग रहा था वह शतक लगाकर ही लौटेंगे. मगर, जब वह 62 के स्कोर पर थे, तभी रविंद्र जडेजा की कॉल पर वह क्रीज से बाहर आए, लेकिन फिर वह जड्डू पलट गए और सरफराज रन आउट हो गए. इसके बाद जडेजा को काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा, लोग उन्हें सेल्फिश तक कहने लगे. हालांकि, जडेजा ने दिन का खेल खत्म होने के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए इस रन आउट के लिए सरफराज से सॉरी भी कहा.




# यशस्वी जायसवाल ने ध्वस्त किया 17 साल पुराना कीर्तिमान

**नई दिल्ली :** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच में यशस्वी जायसवाल ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया और अपनी शानदार बल्लेबाजी से सभी का दिल जीत लिया। जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे दिन शतक लगाया था। लेकिन वह रिटायर हर्ट होकर पवेलियन वापस लौट गए। इसके बाद मैच के चौथे दिन वह वापस बल्लेबाजी करने के लिए आ गए और उन्होंने दोहरा शतक जड़ दिया। इसी के साथ उन्होंने 17 साल पुराने कीर्तिमान को ध्वस्त कर दिया है और सौरव गांगुली को पीछे कर दिया है।

यशस्वी जायसवाल बहुत ही शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उनके बल्ले से खूब रन निकल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उनका ये लगातार दूसरा दोहरा शतक है। इससे पहले दूसरे टेस्ट मैच में भी उन्होंने 209 रन बनाए थे। तीसरे टेस्ट में जायसवाल ने 214 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और 12 छक्के शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में यशस्वी जायसवाल अभी तक 545 रन बना चुके हैं। इसी के साथ वह भारत के लिए किसी भी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले लेफ्ट हैंडर बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड सौरव गांगुली के नाम था। गांगुली ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में साल 2007 में 534 रन बनाए थे। अब वह दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं और जायसवाल ने 17 साल बाद उनका कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है। गौतम गंभीर ने साल 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 463 रन बनाए थे।



# सरफराज खान का कमाल का डेब्यू, पहले ही टेस्ट में बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले के जरिए टीम इंडिया के लिए सरफराज खान ने अपना डेब्यू किया. कई सालों की कड़ी मेहनत का और इंतजार के बाद मिले इस खास मौके को सरफराज खान ने बखूबी निभाया. उन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट के दोनों पारियों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए बड़े रिकॉर्ड को अपने नाम किया. सरफराज खान का डेब्यू इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने एक ऐसा कारनामा किया है, जिसे भारत के सिर्फ तीन ही बल्लेबाज ही कर सके हैं. इस लिस्ट में भारत के महान बल्लेबाज सुनिल गावस्कर का नाम भी शामिल है.

इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू मैच की दोनों पारियों में सरफराज खान ने 50 से ज्यादा रन बनाए. उन्होंने अपनी पहली पारी में 62 रन बनाए, वहीं दूसरी पार में 68 रनों की नाबाद पारी खेली. इसी के साथ उन्होंने एक रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया. दरअसल भारत के लिए इससे पहले सिर्फ तीन ही बल्लेबाज ऐसे थे जिन्होंने अपने टेस्ट डेब्यू मैच की दोनों पारियों में 50 का आंकड़ा पार किया था. अब सरफराज खान अब इस खास क्लाब में शामिल हो गए हैं. फैंस का सरफराज के डेब्यू का काफी लंबे समय से इंतजार था और सरफराज ने अपने फैंस को डेब्यू मैच पर सही भी साबित कर दिया.डेब्यू मैच पर भारत के लिए दोनों पारियों में 50+ का स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज




कई सालों की कड़ी मेहनत का और इंतजार के बाद मिले इस खास मौके को सरफराज खान ने बखूबी निभाया. उन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट के दोनों पारियों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए बड़े रिकॉर्ड को अपने नाम किया. सरफराज खान का डेब्यू इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने एक ऐसा कारनामा किया है, जिसे भारत के सिर्फ तीन ही बल्लेबाज ही कर सके हैं. इस लिस्ट में भारत के महान बल्लेबाज सुनिल गावस्कर का नाम भी शामिल है.

टीम इंडिया ने तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में 430 रन बनाकर पारी घोषित कर दी. यशस्वी जायसवाल 214 और सरफराज खान 68 रन बनाकर नाबाद लौटे. टीम इंडिया ने इंग्लैंड को जीत के लिए 557 रनों का टारगेट दिया है. इंग्लैंड के पास लक्ष्य हासिल करने के लिए करीब डेढ़ दिन का वकूत है. यशस्वी और सरफराज के बीच पांचवें विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी हुई. इससे पहले शुभमन गिल शतक बनाने से चूक गए. वह 91 रनों पर रन पवेलियन लौटे. वहीं इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी कर रही है. कई सालों की कड़ी मेहनत का और इंतजार के बाद मिले इस खास मौके को सरफराज खान ने बखूबी निभाया.

उन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट के दोनों पारियों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए बड़े रिकॉर्ड को अपने नाम किया. सरफराज खान का डेब्यू इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने एक ऐसा कारनामा किया है, जिसे भारत के सिर्फ तीन ही बल्लेबाज ही कर सके हैं. इस लिस्ट में भारत के महान बल्लेबाज सुनिल गावस्कर का नाम भी शामिल है.

# बॉलीवुड तड़का



## अमिताभ बच्चन ने बॉलीवुड में 55 साल पूरे होने का जश्न मनाया

**नई दिल्ली:** अमिताभ बच्चन ने फिल्म इंडस्ट्री में 55 साल पूरे कर लिए हैं. उन्होंने 1969 में सात हिंदुस्तानी के साथ अपनी शुरुआत की और तब से बिग बी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा. हर दूसरे अभिनेता की तरह अमिताभ बच्चन के करियर में भी उतार-चढ़ाव आए, लेकिन उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी और वर्सटाइल परफॉर्मेंस करते रहे हैं. अपने साढ़े पांच दशक लंबे शानदार करियर में एक्टर ने कई बड़ी फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन किया है. इस अवसर को मनाने के लिए 81 वर्षीय अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तस्वीर शेयर की. उन्होंने तस्वीर के साथ लिखा, सिनेमा की इस दुनिया में 55 साल.. और एआई मुझे इसकी व्याख्या देता है. शोले अभिनेता ने एक ही कैप्शन के साथ दो 'स्वनिर्मित' एआई तस्वीरें साझा की.

एक्टर ने 1969 में सात हिंदुस्तानी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. हालांकि, अमिताभ 1970 के दशक की शुरुआत में आनंद, जंजीर, दीवार और शोले जैसी फिल्मों से प्रसिद्ध हुए. 80 के दशक में उन्होंने कई एक्शन फिल्मों में अभिनय किया, जिसके रिजल्ट उन्हें लोकप्रिय रूप से 'एंग्री यंग मैन' कहा जाने लगा. 1990 के दशक में बिग बी ने एक्टिंग से



ब्रेक ले लिया और शाहरुख खान अभिनीत फिल्म मोहब्बतें से जोरदार वापसी की. तब से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा.

**प्रभास के साथ फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आएंगे बच्चन**

एक्टर ने अपनी वर्सटाइल एक्टिंग का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न शैली की कई सफल फिल्में दी हैं. वह उन कुछ सितारों में से भी हैं, जो इंडियन टेलीविजन पर भी उतने ही सफल हैं. उनका शो कौन बनेगा करोड़पति टीवी पर सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले शो में से एक है. उन्हें आखिरी बार टाइगर श्रॉफ-स्टारर गणपत में देखा गया था. आगे उनकी झोली में कई बड़े प्रोजेक्ट हैं जिनमें प्रभास की कल्कि 2898 एडी, रजनीकांत-स्टारर वेट्टैयान समेत अन्य शामिल हैं.

## मुनव्वर फारुकी से मिलने के लिए फैंस में बढ़ा क्रेज, मुंब्रा में बड़ी संख्या में जुटे लोग



**नई दिल्ली:** बिग बॉस 17 के विजेता और स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी मुंब्रा में थे और उन्होंने खुद को अराजक तमाशे में पाया. मुनव्वर का स्वागत करने के लिए मुंब्रा में भारी भीड़ मौजूद थी. जो एक हल्की-फुल्की घटना होने का इरादा था, वह पूरी तरह तबाही में बदल गई. इस अराजक मुलाकात का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

मुनव्वर फारुकी को फैन मीट के लिए आते ही अपनी कार से उतरते देखा जा सकता है. जैसे ही वह कार से बाहर निकलते हैं, कॉमेडियन प्रशंसकों से घिर जाते हैं और चलने के लिए संघर्ष कर रहे होते हैं, जबकि उनके अंगरक्षक और कुछ पुलिस अधिकारी उन्हें बचाने की कोशिश करते हैं. हाल ही में, मुनव्वर फारुकी ने अपने एक्स अकाउंट पर गायक के पिता द्वारा गाए गाने के बोल में बदलाव करके आदित्य नारायण पर कमेंट किया.

मुनव्वर ने अपने सिंगर के पिता द्वारा गाए गाने के बोल में बदलाव करके आदित्य नारायण पर कमेंट करते हुए लिखा. 'पापा कहते हैं, बदनाम करेगा. बीबी17 विजेता ने लिखा, बेटा हमारा ऐसा कांड करेगा. यह आदित्य नारायण के संबंध में है, जो छत्तीसगढ़ के भिलाई में अपने संगीत कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शन करते समय अपना आपा खो बैठे थे.

कई हफ्तों के इंतजार के बाद आखिरकार बिग बॉस 17 का समापन हुआ, जिसमें मुनव्वर फारुकी फाइनल में अभिषेक कुमार को हराकर रियलिटी शो के विजेता बने. 15 सप्ताह की झड़पों, झगड़ों और भावनात्मक मज़ाक के बाद, स्टैंड-अप कॉमेडियन ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी हासिल की. उन्होंने न केवल ट्रॉफी जीती बल्कि 50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक हुंडई क्रेटा कार भी अपने साथ ले गए.

ग्रैंड फिनाले की शुरुआत कॉमेडियन भारती सिंह और कृष्णा अभिषेक के साथ हुई. बाद में उनके साथ अब्दुल रोज़िक, सुदेश लेहरी और हर्ष लिंबाचिया सहित कई मशहूर हस्तियां और कलाकार शामिल हुए. बिग बॉस के शीर्ष 5 फाइनलिस्टों में से सबसे पहले बाहर होने वाले अरुण महाशेट्टी थे.

## बेटी ईशा देओल के तलाक से दुखी हैं धर्मेंद्र, दोबारा सोचने की दी सलाह



**नई दिल्ली:** ईशा देओल ने अपने सोशल मीडिया से तस्वीरें डिलीट करने के बाद उनके और भरत तख्तानी के बीच खराब रिश्ते के बारेमें कई अफवाहें फैलने लगीं, इस जोड़े ने 6 फरवरी को अपने अलग होने की घोषणा की. अब, पोस्ट रिपोर्टों में दावा किया गया है कि हेमा मालिनी उनके सपोर्ट में हैं फैसले के बारे में कहा जा रहा है कि उनके प्यारे पिता धर्मेंद्र चाहते हैं कि उनकी बेटी अपने बच्चों को ध्यान में रखते हुए इस फैसले के बारे में फिर से विचार करें.

> 6 फरवरी को अपने अलग होने की घोषणा की. अब, पोस्ट रिपोर्टों में दावा किया गया है कि हेमा मालिनी उनके सपोर्ट में हैं फैसले के बारे में कहा जा रहा है कि उनके प्यारे पिता धर्मेंद्र चाहते हैं कि उनकी बेटी अपने बच्चों को ध्यान में रखते हुए इस फैसले के बारे में फिर से विचार करें.

सूत्रों का कहना है कि धर्मेंद्र अपनी बेटी ईशा देओल और उनके सभी फैसलों के समर्थन में हैं लेकिन असल में वह अपनी पोतियों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंतित हैं. ₹कोई भी माता-पिता अपने बच्चों के परिवार को टूटते हुए देखकर खुश नहीं हो सकते. धर्मेंद्र जी भी एक पिता हैं और उनका दर्द कोई भी समझ सकता है. ऐसा नहीं है कि वह अपनी बेटी के अलग होने के फैसले के खिलाफ हैं, लेकिन उन्हें इस पर पुनर्विचार करने की क्या जरूरत है."

इन रिपोर्टों के अनुसार, अनुभवी अभिनेता का मानना ?है कि तलाक का असर बच्चों पर अधिक पड़ता है और वह इस बात को लेकर पक्के नहीं हैं कि उनकी पोतियां इस फैसले पर क्या रिएक्शन देंगी क्योंकि वे दोनों, देओल्स और तख्तानी, करीबी हैं. वह असल में दुखी हैं, और यही कारण है कि वह चाहता है कि वे अलग होने पर पुनर्विचार करें. ईशा और भरत की दो बेटियां राध्या और मिराया हैं. वे अपने दादा-दादी और नाना-नानी के बहुत करीब हैं. अलगाव से बच्चों पर बुरा असर पड़ता है और इसलिए धरमजी को लगता है .



## सिद्धिविनायक पहुंचे रकुल प्रीत-जैकी भगनानी, शादी से पहले लिया बप्पा का आशीर्वाद

**नई दिल्ली:** बॉलीवुड के स्वीट कपल रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी जिंदगी में नया चैप्टर जोड़ने जा रहे हैं. दोनों जल्द ही लव-कपल से मैरिड कपल बन जाएंगे. बॉलीवुड में दोनों की शादी की खबरों से धूम मची हुई है. रकुल और जैकी 21 फरवरी, 2024 को दूल्हा-दुल्हन बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. शादी का उत्सव 19 फरवरी से शुरू होगा. साउथ गोवा में सुरम्य आईटीसी ग्रैंड में दोनों शादी रचाने वाले हैं. इससे पहले कपल ने मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन किए. शादी से पहले रकुल और जैकी ने बप्पा का आशीर्वाद लिया. कपल ने अपनी शादी की आध्यात्मिक शुरुआत की है.आज 17 फरवरी को रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी ने सिद्धिविनायक मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की. रकुल ने सुंदर गुलाबी अनारकली सूट पहना था. एक्ट्रेस एथनिक लुक में बेहद खूबसूरत लग रही थीं. उन्होंने बालों को बांधा हुआ था और स्टाइलिश सनग्लासेस में सुंदर लग रही थीं. जबकि होने वाले दूल्हे जैकी भगनानी हरे रंग के कुर्ते में डैशिंग लग रहे थे.रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी गोवा में शादी रचाने वाले हैं. ये तीन दिन का फंक्शन होगा.

## एल्विश यादव की बढ़ी मुश्किलें, रेव पार्टी के सैंपल में मिला कोबरा का जहर



**नई दिल्ली:** बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव हाल ही में गलत कारणों से चर्चा में थे. नोएडा में एक रेव पार्टी में सांप के जहर की आपूर्ति और उपयोग से संबंधित मामले में नाम आने के बाद लोकप्रिय यूट्यूबर मुसीबत में पड़ गया. एक ताजा सफलता में, पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि फोरेंसिक जांच में उनके द्वारा एकत्र किए गए नमूनों में कोबरा और करैत के जहर के इस्तेमाल का पता चला है. नोएडा में एक पार्टी में सांप का जहर मुहैया कराने के आरोप में एल्विश सहित छह लोगों पर पुलिस हिरासत में लिया था. इन छह आरोपियों में से पांच को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और एल्विश से मामले में पूछताछ की गई.

सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

**संपादक : अनुज कुमार**
TitleCode: UPHIN51223
**मोबाइल नंबर**
9456884327
Officialsabkasapna@gmail.com
www.sabkasapna.com
**नोट-** समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

## इस बिमारी के कारण हुई दंगल एक्ट्रेस की मौत, दुखी माता-पिता ने बताया सच

**नई दिल्ली:** ब्लॉकबस्टर फिल्म दंगल में छोटी बबीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस सुहानी भटनागर का निधन हो गया है. बीते दिन इस खबर ने इंडस्ट्री में सभी को झकझोर कर रख दिया. साथ ही अब, दंगल एक्ट्रेस सुहानी भटनागर के माता-पिता ने उन मेडिकल प्रॉबल्म्स के बारे में जानकारी शेयर की है, जिनके कारण 19 साल की उम्र में उनकी बेटी की मौत हो गई. सुहानी को एक दुर्लभ ऑटोइम्यून डिसऑर्डर का पता चला था और उन्होंने 10 साल से अधिक समय बिताया था. वह अपनी बीमारी के कारण दम तोड़ने से पहले कई दिन एम्स में भर्ती रही. उनके निधन के एक दिन बाद उनके माता-पिता ने मीडिया को संबोधित किया.

> दंगल एक्ट्रेस सुहानी भटनागर के माता-पिता ने उन मेडिकल प्रॉबल्म्स के बारे में जानकारी शेयर की है, जिनके कारण 19 साल की उम्र में उनकी बेटी की मौत हो गई. सुहानी को एक दुर्लभ ऑटोइम्यून डिसऑर्डर का पता चला था और उन्होंने 10 साल से अधिक समय बिताया था. वह अपनी बीमारी के कारण दम तोड़ने से पहले कई दिन एम्स में भर्ती रही.

**इस मेडिकल कंडिशन का करना पड़ा था सामना**

मीडिया के अनुसार, हाल ही में मीडिया से बातचीत में सुहानी के माता-पिता ने कहा कि उसे डर्मेटोमायोसिटिस का पता चला है. उनके पिता के अनुसार, इस दुर्लभ स्थिति की पहचान लगभग दो महीने पहले हुई थी, जब उनके हाथों में सूजन होने लगी थी. बाद में सूजन उनके शरीर के अन्य हिस्सों में फैल गई. उन्होंने कहा कि सुहानी को अस्पताल में मामूली इंफेक्शन हो गया, जिससे उनके फेफड़ों सहित शरीर में तरल पदार्थ जमा हो गया. वेंटिलेशन के बावजूद, उनका ऑक्सीजन स्तर काफी कम हो गया. उसे दिए गए स्टेरॉयड से उसका इम्यून सिस्टम प्रभावित हुआ था. सुहानी के पिता ने कहा, उसे वेंटिलेटर पर रखने के बाद भी, उसका ऑक्सीजन लेवट बहुत कम था और फिर कल शाम 7 बजे एम्स के डॉक्टरों ने कहा कि 'वह अब नहीं रही.'

उनकी माँ ने कहा था कि सुहानी अपनी ग्रैजुएशन की पढ़ाई के बाद एक्टिंग में लौटना चाहती थी. वह पत्रकारिता और जनसंचार की पढ़ाई कर रही थी. उन्होंने कहा, वह कॉलेज में बहुत अच्छा परफॉर्म कर रही थी, उसने आखिरी सेमेस्टर में भी टॉप किया था. वह हर चीज में टैलेंटेड थीं और जो भी करना चाहती थी उसमें अच्छा हासिल करना चाहती थी. हमारी बेटी ने हमें बहुत प्राउड किया है. आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया. सुहानी के को-स्टार्स, जिनमें ज़ायरा वसीम, निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता किरण राव भी शामिल हैं, ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है.

